दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
● नई दिल्ली। बुधवार 21 मई-2025 ● वर्ष : 10 अंक : 151 पेज-08 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य : ₹3




## मुर्शिदाबाद हिंसा में गंभीर खुलासे : टीएमसी नेता ने कराई हिंसा, कमेटी ने पुलिस पर भी उठाए सवाल

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में अप्रैल में सांप्रदायिक हिंसा को लेकर कलकत्ता हाईकोर्ट की तरफ से गठित जांच समिति ने गंभीर खुलासे किए हैं। इसमें कहा गया है कि हिंसा में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के स्थानीय नेता की भूमिका थी। हमलों का नेतृत्व स्थानीय पार्षद महबूब आलम ने किया।



रिपोर्ट के अनुसार हिंसा में खासतौर पर हिंदू समुदाय को निशाना बनाया गया। इस दौरान स्थानीय पुलिस पूरी तरह से निष्क्रिय रही। पीड़ितों ने कई बार पुलिस को कॉल किया, लेकिन कोई मदद नहीं पहुंची। दरअसल, 17 अप्रैल को हाईकोर्ट ने तीन सदस्यीय समिति का गठन किया था। इसमें राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग, पश्चिम बंगाल मानवाधिकार आयोग और राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के एक-एक सदस्य शामिल थे।

पश्चिम बंगाल में 11-12 अप्रैल को नए वक्फ बोर्ड कानून के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के दौरान भीड़ उग्र हो गई थी। इसके बाद मुर्शिदाबाद में हिंसा हुई। इसमें कम से कम तीन लोगों की मौत हुई थी और कई लोग घायल हुए थे। मुख्य हमला 11 अप्रैल, शुक्रवार को दोपहर 2:30 बजे के बाद हुआ।

पार्षद महबूब आलम उपद्रवियों के साथ आए थे। इसके बाद हिंसा भड़की। बेटबोना गांव में 113 घरों को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचा। आगजनी, लूटपाट और दुकानों व मॉल्स को निशाना बनाया गया। बंगाल गवर्नर गृह मंत्रालय को रिपोर्ट भेज चुके।

पश्चिम बंगाल के गवर्नर सी. वी. आनंद बोस ने 4 मई को मुर्शिदाबाद दंगे पर गृह मंत्रालय को रिपोर्ट सौंपी थी। इसमें कट्टरपंथ और उग्रवाद को पश्चिम बंगाल के लिए बड़ा खतरा बताया था।

## नगर निगम फिर चलाएगा भूमाफियाओं के खिलाफ बड़ा अभियान
## महापौर सुनीता दयाल ने बनाया है भूमि खाली कराने का पूरा प्लान

### महापौर ने कहा, निगम की एक इंच जमीन भी कब्जा नहीं होने दी जाएगी



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** महापौर सुनीता दयाल जल्द ही नगर निगम की सरकारी भूमि पर अवैध रूप से कब्जा करने वालों के खिलाफ बड़ा अभियान चलाने जा रही हैं। उन्होंने एसडीएम सदर एवं संपत्ति विभाग के अधिकारियों के साथ एक अहम बैठक की है। जिसमें नगर निगम की सरकारी भूमि के संपूर्ण दस्तावेज और कब्जाई गई भूमि पर ध्वस्तीकरण को लेकर एक्शन प्लान बनाया गया है। महापौर सुनीता दयाल ने कहा है कि नगर निगम जल्द ही ऐसे भूमाफियाओं को चिन्हित कर वहां कार्रवाई करेगा, जहां पर निगम की जमीन पर कब्जा कराया गया है। उन्होंने कड़े शब्दों में कहा है कि नगर निगम की एक इंच जमीन पर भी वह किसी भूमाफिया का कब्जा बर्दाश्त नहीं करेगी। साथ ही उन्होंने कहा है कि भूमि पर कब्जा को ध्वस्त कराया जाएगा। वहीं इन भूमि को महत्वपूर्ण कार्यों के लिए इस्तेमाल होगा। साथ ही भूमाफियाओं के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर भूममाफिया एक्ट के तहत भी वह कार्रवाई करवाईगी। नगर निगम गाजियाबाद के सूत्र बता रहे हैं कि आने वाले दिनों में नगर आयुक्त और महापौर संयुक्त रूप से भूमाफियाओं के खिलाफ बड़ा अभियान शुरू करेंगे।

### सिटी, विजय नगर और मोहन नगर जोन में होगी बड़ी कार्रवाई

करंट क्राइम : महापौर सुनीता दयाल द्वारा नगर निगम सहित सभी अधिकारियों को कहा है कि नगर निगम की जमीन को मुक्त कराने के लिए कार्रवाई की रफ्तार बढ़ानी होगी। बाकायदा इसके लिए लिस्ट तैयार की जा रही है । साथ ही एसडीएम सदर को एक रिपोर्ट सौंपी गई है, जिसमें तीन बड़ी भूमिओं पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की जाएगी। साथ ही कानूनी कार्रवाई के लिए भी भेजा जाएगा। वहीं भूमाफियाओं के मुंह से सरकारी जमीन निकालने के लिए नगर निगम का बुलडोजर फिर से चलेगा। मंगलवार को हुई बैठक में मुख्य रूप से संपत्ति अधिकारी पल्लवी सिंह, संपत्ति अधीक्षक राम शंकर वर्मा ,तहसीलदार, नायब तहसीलदार, पटवारी व अन्य महत्वपूर्ण निगम के अधिकारी उपस्थित रहे। नगर निगम गाजियाबाद वाले सूत्र बता रहे हैं कि आने वाले दिनों में सिटी, विजयनगर और मोहन नगर जोन में महापौर के नेतृत्व में नगर निगम बुलडोजर चलाएगा और सरकारी जमीन को खाली करवाकर कब्जा मुक्त कराई जाएगी।

## जीडीए की नई 'पहल' से मिलेगी एक क्लिक पर सम्पत्ति से जुड़ी सारी जानकारी
## जीडीए की 169वीं बोर्ड में लिए गये कई फैसले

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** जीडीए की बोर्ड बैठक आयुक्त, मेरठ मंडल के सभागार में सम्पन्न हुई। इस बोर्ड बैठक में आयुक्त डॉ हृषिकेश भास्कर यशोद सहित जीडीए वीसी अतुल वत्स उपस्थित थे। बोर्ड के समक्ष 23 प्रस्ताव रखे गये। बोर्ड बैठक में डिजीटल परिवर्तन की दिशा में एक सशक्त कदम उठाया गया। यहां पहल ऐप की शुरूआत हुई। जिसका अर्थ है पब्लिक एक्सेस फॉर हाउसिंग एंड प्रोपर्टी एलॉटमेंट लागिन।



इस ऐप के शुरू होने के बाद एक नई पहल होगी। ये ऐसी पहल है जिस पर जीडीए के डेढ लाख से ज्यादा आवंटियों को सम्पत्ति से जुड़ी सभी सेवाएं एक ही पोर्टल पर मिलेंगी। महीनों में होने वाले सम्पत्ति जुड़े काम अब सेंकेंडों में होंगे और वो भी प्राधिकरण के चक्कर लगाये बिना घर बैठे डिजीटल माध्यम से हो जायेंगे। जीडीए द्वारा डिजीटल परिवर्तन की दिशा में एक बहुमूल्य तथा क्रान्तिकारी बदलाव है। इस ऐप के माध्यम से अब घर बैठे मोबाईल और लैपटॉप के माध्यम से ये कार्य निष्पादित हो जायेंगे। जीडीए उत्तर प्रदेश का एकमात्र ऐसा प्राधिकरण है जिसने ये आधुनिक और नागरिक केन्द्रित पोर्टल पहल लांच किया है।

इसमें सम्पत्ति से सम्बन्धित सभी सेवाएं मौजूद हैं और अब यदि सम्पत्ति का बकाया हो, लेजर रिपोर्ट देखनी हो, किश्तें कापुर्ननिर्धारण हो, नो डयूज सर्टिफिकेट प्राप्त करना हो, ये सब एक क्लिक पर हो जायेगा। जीडीए द्वारा पहल पोर्टल लागू किये जाने का फैसला जीडीए उपाध्यक्ष द्वारा लिया गया। इसके अलावा इस ऐप के जरिए अब रियल टाईम एकाउंट अपडेट के साथ भुगतान का रिकार्ड सीधे लेखा अनुभाग में बिना किसी देरी ओर मानवीय हस्तक्षेप के पहुंचेगा।

जीडीए की बोर्ड में इसके अलावा हरनंन्दीपुरम आवासीय योजना के प्रस्ताव पर मुहर लगी। प्राधिकरण द्वारा प्रथम चरण में भूमि जुटाने का निर्णय लिया गया और प्रथम चरण में मथुरापुर, शमशेर, चम्पतनगर, भनेडाखुर्द, नंगला फिरोज मोहनपुर गांव की भूमि लिये जाने का फैसला हुआ और दूसरे चरण में तीन गांव जिनमें भोवापुर, शाहपुर मोरटा, मोरटा सहित आठ गांवों को शामिल किया गया है। इसके अलावा जीडीए की बोर्ड बैठक में मधुबन बापूधाम योजना के किसानों को विकसित भूखण्ड देने पर सहमति बनी। इसके अलावा जीडीए की इस महत्वपूर्ण बैठक में कई अन्य फैसलों पर मुहर लगी।

## हाउस टैक्स के बिलों में गड़बड़ी पर भड़के नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक
### सिटी जोन के राजस्व निरीक्षक को किया सस्पेंड, नगर आयुक्त का फरमान बिल बढ़ाकर कम करने वालों की होगी जांच, दोषियों को भेजा जाएगा जेल

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने हाउस टैक्स में आने वाली अनियमितताओं की शिकायत पर नाराजगी जाहिर करते हुए विभाग की मंगलवार को अर्जेंट बैठक बुलाई। जिसमें कई महत्त्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए हैं। वहीं बैठक में चर्चा के समय सिटी जोन के राजस्व निरीक्षक उमेश प्रताप सिंह की शिकायतों का संज्ञान लेते हुए उन्हें तत्काल प्रभाव से सस्पेंड करने की कार्रवाई की गई है।





वहीं नगर आयुक्त द्वारा हाउस टैक्स संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए निगम में बनी सिंगल विंडो में प्रतिदिन सुबह 9 से 12 बजे तक अधिकारियों को बैठने का निर्देश दिया गया है। वहीं सिटी जोन के गलत हाउस टैक्स बिल जारी होने पर नगर आयुक्त ने बिल बढ़ाकर कम करने वालों की जांच कराने और दोषियों को जेल भेजे जाने का आदेश दिया है। उन्होंने कहा है कि करदाताओं को भ्रमित करने वालों पर कड़ी कार्रवाई होगी। साथ ही भ्रामक करदाताओं को हाउस टैक्स नियमावली की संपूर्ण जानकारी दी जाए। इसके साथ ही संपत्ति कर नियमावली का प्रशिक्षण कर सेल्फ एसेसमेंट का भी लाभ स्थानीय लोग उठा सकते हैं। इस दौरान उन्होंने लोगों से कहा है कि अगर किसी भी काउंटर या हाउस टैक्स के बिल को लेकर नगर निगम का कोई भी अधिकारी किसी तरीके की डिमांड करता है, तो उसपर भी एक्शन लिया जाएगा।

### हर जोन की फाइलें होगी नगर आयुक्त की मेज पर, जांच के आदेश जारी



करंट क्राइम : नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा हाउस टैक्स के मामले को लगातार मिलने वाली शिकायतों पर एक्शन वाले मोड में आ गए हैं। उन्होंने अधिकारियों को लाभ और छूट के बारे में आम लोगों को सारी जानकारी मुहैया कराने का निर्देश दिया है। साथ ही अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार को आदेशित किया गया है कि हाउस टैक्स संबंधित समस्याओं को प्रतिदिन सुबह 9 से 12 बजे तक सक्षम अधिकारियों द्वारा निपटाया जाए। इस दौरान उन्होंने अपने विभाग के सभी कर्मचारियों और अधिकारियों को निर्देश दिया है कि सभी जोन से पांच पांच फाइलें मंगवाकर उनकी जांच कराई जाए। साथ ही मुख्य कारण निर्धारण अधिकारी डॉ. संजीव को भी विभाग में अनियमित खोजने और प्रकरणों पर अभिलंब कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है।

### अधिकारियों को निर्देश, स्पष्ट करें क्यों बढ़ रहा है हाउस टैक्स

करंट क्राइम : नगर आयुक्त द्वारा बताया गया है कि गाजियाबाद नगर निगम लगातार सदन और शासन द्वारा बनाई गई योजनाओं के क्रम में कार्य कर रहा है। जिसमें करदाताओं को हाउस टैक्स नियमावली की संपूर्ण जानकारी विभाग द्वारा दी जाएगी। अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। इसके अलावा जोनल प्रभारी को हाउस टैक्स के प्रति शहर वासियों को जागरूक करने के लिए विशेष जिम्मेदारी दी गई है। साथ ही हाउस टैक्स बिल आवासियों से कमर्शियल होने की स्थिति में एरिया बढ़ाने की स्थिति में संपत्ति का सड़क पर आने की स्थिति में अन्य नियमावली क्रम में बढ़ा हुआ या बढ़ाने वाले को लेकर स्पष्ट स्थिति करने का निर्देश दिया गया है। वहीं क्षेत्रीय पार्षदों से भी संपर्क करते हुए जागरूकता फैलाने का निर्देश दिया गया है। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने शहरवासियों और करदाताओं से भी अपने हाउस टैक्स के खुद सेल्फ एसेसमेंट प्रक्रिया को अपनाने की अपील की है।

## छात्र की बेरहमी से पिटाई मामले में त्यागी समाज का पुलिस लाइन में धरना-प्रदर्शन
### थानाध्यक्ष और चौकी प्रभारी पर कार्रवाई की मांग



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** मंगलवार को पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद की पुलिस लाइन में त्यागी समाज के लोगों ने मांगेराम त्यागी के नेतृत्व में धरना प्रदर्शन किया। त्यागी समाज के लोगों की मांग थी कि वेव सिटी थाना अंतर्गत आईएमएस कॉलेज के छात्र ध्रुव त्यागी पर जिस तरीके से छात्रों और उनके साथियों द्वारा जानलेवा हमला किया गया है। उस मामले में पुलिस की लापरवाही रही है। साथ ही थानाध्यक्ष और चौकी प्रभारी पर मिली भगत का आरोप लगाते हुए दोनों को सस्पेंड करने की मांग की गई है। इस दौरान बड़ी संख्या में त्यागी समाज के लोग एकत्रित हुए और पुलिस के अधिकारियों से इस पूरे मामले में कार्रवाई करने की मांग की है। धरना-प्रदर्शन करीब एक बजे तक चला, मांगेराम त्यागी ने गाजियाबाद पुलिस को 72 घंटे का अल्टीमेट दिया है। साथ ही कहा है अगर आरोपियों पर सख्त कार्रवाई और पुलिसकर्मियों पर एक्शन नहीं लिया गया तो पुलिस लाइन में ही कढ़ाई चढ़ा दी जाएगी। बता दें कि बीते दिनों सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें कुछ युवक एक छात्र को बेरहमी से पीटते हुए नजर आ रहे थे।

### पांच आरोपी किए गए गिरफ्तार, पुलिस ने भेजा जेल



करंट क्राइम : इस मामले में एसीपी वेव सिटी प्रियाश्री पाल ने जानकारी दी है कि इस मामले में पुलिस ने वायरल वीडियो के आधार पर ध्रुव त्यागी के साथ मारपीट करने के मामले में सुमित,नकुल सांगवान, श्याम धामा, सुजल गौतम और अंश यादव को गिरफ्तार किया है। सभी नई उम्र के आरोपी हैं। पुलिस उनके आपराधिक इतिहास और अन्य मामलों की भी जांच कर रही है। बताया जा रहा है कि इस मामले में वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने इन आरोपियों को गिरफ्तार किया था, तो मंगलवार को पांच अन्य गिरफ्तार किए गए हैं। बता दें कि गंभीर रूप से घायल छात्र ध्रुव की हालत नाजुक हैं और वो एक निजी अस्पताल में भर्ती हैं। वहीं ध्रुव के दादा यूपी पुलिस के पूर्व अधिकारी भी हैं।

### पुलिस के खिलाफ लगे नारे, तीन घंटे तक चला धरना प्रदर्शन



करंट क्राइम : मंगलवार को पुलिस लाइन में त्यागी समाज के बैनर तले बड़ा धरना- प्रदर्शन किया गया। इस दौरान हापुड़ के रहने वाले छात्र ध्रुव त्यागी के मामले को लेकर गंभीरता दिखाने की आवाज बुलंद की गई। वहीं मांगेराम त्यागी का कहना है कि जिस तरीके से पुलिस ने इस मामले में कार्रवाई की है वह ठीक नहीं है। आरोपियों को हल्की धाराओं में जेल जाने से रोक लिया गया, वहीं 72 घंटे का अल्टीमेटम दिया गया है। इस दौरान मंगलवार को धरना प्रदर्शन करने वालों में मांगे राम त्यागी, आयुष त्यागी काकड़ा, केडी त्यागी, विनीत त्यागी, सुधीर त्यागी, पार्षद अमित त्यागी, मनोज त्यागी, मोनू त्यागी और संजय त्यागी सहित बड़ी संख्या में त्यागी समाज के लोग उपस्थित रहे।

### पुलिस अधिकारियों की बढ़ गई थी टेंशन



करंट क्राइम : मंगलवार को जैसे ही मांगेराम त्यागी अपने समर्थकों के साथ पुलिस लाइन पहुंचे तो तत्काल एसीपी कवि नगर स्वतंत्र सिंह, एसीपी वेव सिटी प्रियाश्री पाल, एसीपी ट्रैफिक जियाउद्दीन और कवि नगर थाना प्रभारी योगेंद्र मलिक कई चौकी प्रभारियों और पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। धरना प्रदर्शन पर बैठे लोगों को समझने और उनकी मांगों पर वार्ता की गई। इस दौरान कई बार वार्ता भी हुई वहीं वरिष्ठ अधिकारियों को मौके पर बुलाने पर भी विचार चला रहा लगभग दोपहर एक बजे जाकर धरना प्रदर्शन समाप्त हुआ।

## पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में 30 मई तक जारी रहेगी धारा-163
### ईद-उल-जुहा और अन्य आयोजनों को लेकर लिया गया फैसला

### - सोशल मीडिया से लेकर अन्य प्लेटफॉर्म पर रहेगी नजर

**लागू हुई धारा 163**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में 30 मई तक के लिए निषेधज्ञा लगा दी गई है। 30 मई की मध्यरात्रि तक पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में धारा-163 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 को लागू कर दिया गया है। पुलिस कमिश्नरेट में अतिरिक्त पुलिस आयुक्त अपराध एवं कानून व्यवस्था आलोक प्रियदर्शी द्वारा ईद उल जुहा का त्योहार अन्य धार्मिक,

सांस्कृतिक समारोह आयोजन विभिन्न राजनीतिक दलों के कार्यक्रम और प्रतियोगी परीक्षाओं के दृष्टिगत कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए धारा-163 लगाई गई है। जिसके तहत गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट में किसी भी तरीके के हथियार, जुलूस में शामिल बिना अनुमति के रैली नहीं होगी। वहीं सम्मेलन करने को लेकर प्रतिबंध रहेगा। वहीं कोई भी व्यक्ति अपने साथ शास्त्र, विस्फोटक पदार्थ, जलनशील पदार्थ, किसी प्रकार का हथियार, कांच की बोतले, सोड़ा बॉटल, पेट्रोल बोतल में आदि लेकर नहीं चलेगा। वहीं होटल, धर्मशाला में बिना पहचान पत्र के किसी को रहने की अनुमति नहीं दी जाएगी। वहीं सोशल मीडिया और किसी भी प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से कोई भी ऐसी सामग्री प्रसारित नहीं की जाएगी, जिससे जनभावनाएं आहत हों। वहीं एनजीटी के नियमों का पालन करते हुए डीजे और अन्य ध्वनि उपकरण बजाए जाएंगे। वहीं परीक्षा केंद्रों के आसपास भी पूरी सतर्कता एवं किसी भी परीक्षा केंद्र में मोबाइल फोन, स्मार्टफोन स्मार्ट वॉच, इलेक्ट्रिक डिवाइस ले जाने की अनुमति नहीं रहेगी।

वहीं किसी भी कार्यक्रम एवं आयोजन के माध्यम से जाम एवं सड़क को बंद नहीं किया जाएगा। साथ ही एयर बैलून और ड्रोन को लेकर भी प्रतिबंध लगाया गया है।

### कानून व्यवस्था की स्थिति रहेगी मजबूत : एडिशनल सीपी



करंट क्राइम : एडिशनल सीपी अपराध एवं कानून व्यवस्था आलोक प्रियदर्शी ने कहा है कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में 30 मई की मध्यरात्रि तक धारा- 163 जारी रहेगी। इस दौरान कानून व्यवस्था की स्थिति को कंट्रोल में रखने के लिए सभी उपाय अपनाए जाएंगे। वहीं मेट्रो स्टेशन से लेकर हिंडन एयर पोर्ट और प्रमुख और इलाकों पर भी विशेष निगरानी रखी जाएगी। साथ ही किसी भी तरीके के बड़े आयोजनों को बिना अनुमति के नहीं होने दिया जाएगा।

# मौसम का कहर, गुवाहाटी में भारी बारिश के बाद जलभराव

## रातभर हुई भारी बारिश के कारण सड़कें जलमग्न, शहर में कई स्कूलों में स्थगित की परीक्षाएं






### 2-3 दिनों तक असम में खराब मौसम की भविष्यवाणी, बाढ़ग्रस्त इलाकों में पहुंचे मंत्री जयंत मल्ला बरुआ

**गुवाहाटी।** असम के गुवाहाटी में रातभर हुई भारी बारिश के कारण कई सड़कें और रिहायशी इलाके जलमग्न हो गए, जिससे मंगलवार को वाहनों की आवाजाही बाधित हुई और शहर के निवासियों को असुविधा हुई। शहर के कुछ इलाकों में लोगों को घुटनों तक पानी से गुजरते देखा गया, जबकि कई इलाकों में पानी का स्तर छाती तक पहुंच गया। वहीं 10 से ज्यादा इलाके जू रोड, नवीन नगर, हाटीगांव, गणेशगुड़ी, गीता नगर, मालीगांव, हिदायतपुर, गुवाहाटी क्लब, उलुबारी, लचित नगर, चांदमारी और पंजाबरी में बाढ़ की खबर है। रातभर हुई बारिश के कारण जीएस रोड जोराबाट, तरुण नगर, जटिया, ज्योतिकुची, घोरामारा, वीआईपी रोड, रुक्मिणी गांव, सर्वे और छत्रीबाड़ी समेत कई इलाकों में जलभराव हो गया।

कई स्कूलों, जहां आंतरिक परीक्षाएं चल रही हैं, ने शहर भर में बाढ़ वाले परिसर और सड़कों के कारण सुबह बंद करने की घोषणा की है, क्योंकि अधिकांश स्कूल बसों ने अपनी सेवाएं बंद कर दी हैं। वहीं कई स्थानों पर जलभराव वाली सड़कों पर कई वाहन फंसे हुए हैं, जबकि मरीजों को ले जा रही एम्बुलेंस भी फंसी हुई हैं। जैसे-जैसे दिन चढ़ता गया, शहर के लगभग सभी इलाकों से ट्रैफिक जाम की खबरें आईं और सड़कों पर जलभराव के कारण वाहन फंसे रहे।

वहीं भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने अगले 2-3 दिनों तक असम में खराब मौसम की भविष्यवाणी की है, जिसमें राज्य के कई हिस्सों में भारी से बहुत भारी बारिश होने की उम्मीद है। एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया है, '20 मई, 2025 को दर्ज किए गए बारिश के आंकड़ों के अनुसार, गुवाहाटी और उसके आसपास के कई स्थानों पर पहले से ही पर्याप्त बारिश हो चुकी है, जिसमें गुवाहाटी एडब्ल्यूएस स्टेशन पर 112.5 मिमी बारिश शामिल है।' मौसम के पैटर्न से पता चलता है कि आने वाले दिनों में असम के पश्चिमी और दक्षिणी दोनों हिस्सों में और अधिक तीव्र वर्षा होने की संभावना है, जो संभावित रूप से अलग-अलग स्थानों पर 200 मिमी तक पहुंच सकती है।

इसमें कहा गया है कि 'गुवाहाटी में लगातार बारिश से जलभराव बढ़ सकता है, वाहनों की आवाजाही धीमी हो सकती है और संवेदनशील इलाकों में पेड़ गिरने और स्थानीय भूस्खलन का खतरा बढ़ सकता है।' बयान में कहा गया है कि नागरिक निकाय के अधिकारी स्थिति पर बारीकी से नजर रख रहे हैं और आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रणालियों को अलर्ट पर रखा जा रहा है। 'लोगों को सभी आवश्यक सावधानी बरतने और सतर्क रहने की सलाह दी जाती है। दैनिक यात्रियों और लंबी दूरी के यात्रियों से अनुरोध है कि वे अपनी दिनचर्या तदनुसार योजना बनाएं, तीव्र वर्षा के दौरान अनावश्यक आवाजाही से बचें।'

सरकार ने निचले इलाकों और पहाड़ी इलाकों में रहने वाले लोगों को बाढ़ या मिट्टी के कटाव के किसी भी संकेत के लिए सतर्क रहने की सलाह दी है। इसमें कहा गया है कि 'लोगों से आधिकारिक मौसम अपडेट पर नजर रखने और स्थानीय अधिकारियों की तरफ से जारी की गई सलाह का पालन करने का भी आग्रह किया जाता है ताकि इस लंबे समय तक चलने वाली बारिश के दौरान सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।'

# वक्फ बोर्ड पर सुप्रीम सुनवाई, सीजेआई ने खींच दी लक्ष्मण रेखा

## 'संविधान के उल्लंघन का ठोस सबूत लाएं तभी होगा हस्तक्षेप...'

**केंद्र सरकार ने सर्वोच्च न्यायालय से आग्रह किया कि वह अंतरिम आदेश पारित करने के लिए वक्फ (संशोधन) अधिनियम की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई को तीन मुद्दों तक सीमित रखे, जिनमें 'कोर्ट, यूजर और डीड' द्वारा घोषित वक्फ संपत्तियों को डि-नोटिफाई करने का बोर्डों का अधिकार भी शामिल है। याचिकाकर्ताओं के वकील कपिल सिब्बल ने केंद्र की इस मांग का विरोध किया।**




### वे तीन मुद्दे क्या हैं जिन पर सुनवाई चाहता है केंद्र?

तीन मुद्दों में से एक मुद्दा है, वक्फ बाय कोर्ट, वक्फ बाय यूजर या वक्फ बाय डीड द्वारा घोषित संपत्तियों को डि-नोटिफाई करने की शक्ति। याचिकाकर्ताओं द्वारा उठाया गया दूसरा मुद्दा राज्य वक्फ बोर्डों और केंद्रीय वक्फ परिषद की संरचना से संबंधित है, जहां उनका तर्क है कि पदेन सदस्यों को छोड़कर केवल मुस्लिम सदस्य ही इन संस्थाओं में होने चाहिए। तीसरा मुद्दा उस प्रावधान से संबंधित है, जिसके अनुसार जब कलेक्टर यह पता लगाने के लिए जांच करेगा कि वक्फ घोषित की गई कोई भूमि सरकारी है या नहीं, तो जांच रिपोर्ट आने तक संपत्ति को वक्फ नहीं माना जाएगा।

### सिब्बल ने सुप्रीम कोर्ट में क्यों किया बाबरी का जिक्र?

### वक्फ प्रॉपर्टी के रजिस्ट्रेशन की अनिवार्यता पर बहस

### वक्फ कानून पर सुनवाई के दौरान औरंगाबाद का जिक्र

### मदिंरों की तरह मस्जिदों में 2000-3000 करोड़ चंदे में नहीं आते... : कपिल सिब्बल

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में मंगलवार को वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई हुई। मुख्य न्यायाधीश भूषण रामकृष्ण गवई की अध्यक्षता वाली दो सदस्यीय पीठ ने पक्ष और विपक्ष की दलीलें सुनीं। बेंच में दूसरे जज जस्टिस ऑगस्टिन जॉर्ज मसीह थे। सुनवाई के दौरान सीजेआई ने संसद से पारित कानूनों की संवैधानिकता को लकर एक महत्वपूर्ण टिप्पणी की। उन्होंने वक्फ (संशोधन) अधिनियम को चुनौती देने वाले याचिकाकताओं से कहा, 'संसद द्वारा पारित कानूनों में संवैधानिकता की धारणा होती है और कोई कानून संवैधानिक नहीं है इसका जब तक कोई ठोस मामला सामने नहीं आता, अदालतें इसमें हस्तक्षेप नहीं कर सकतीं।'

केंद्र सरकार ने सर्वोच्च न्यायालय से आग्रह किया कि वह अंतरिम आदेश पारित करने के लिए वक्फ (संशोधन) अधिनियम की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई को तीन मुद्दों तक सीमित रखे, जिनमें 'कोर्ट, यूजर और डीड' द्वारा घोषित वक्फ संपत्तियों को डि-नोटिफाई करने का बोर्डों का अधिकार भी शामिल है। केंद्र की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ के समक्ष यह अनुरोध किया। तुषार मेहता ने कहा, 'अदालत ने तीन मुद्दे चिन्हित किए थे। हालांकि, याचिकाकर्ता चाहते हैं कि इन तीन मुद्दों के इतर भी कई अन्य मुद्दों पर सुनवाई हो। मैंने इन तीन मुद्दों के जवाब में अपना हलफनामा दाखिल किया है। मेरा अनुरोध है कि इसे केवल तीन मुद्दों तक ही सीमित रखा जाए।'

वक्फ (संशोधन) अधिनियम की संवैधानिकता को चुनौती देने वाले याचिकाकताओं की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल और अभिषेक सिंघवी ने केंद्र की दलील का विरोध करते हुए कहा कि महत्वपूर्ण कानून पर टुकड़ों में सुनवाई नहीं हो सकती। कपिल सिब्बल ने तर्क दिया कि संशोधित कानून संविधान के अनुच्छेद 25 (यह अनुच्छेद धर्म पालन, उसके अनुरूप आचरण करने और धर्म का प्रचार करने के अधिकार की गारंटी देता है) का उल्लंघन करता है। उन्होंने कहा कि हम तो सभी मुद्दों पर दलील रखेंगे। यह सम्पूर्ण वक्फ सम्पत्ति पर कब्जा करने का मामला है। कपिल सिब्बल ने सुप्रीम कोर्ट से कहा कि इस मामले में अंतरिम आदेश जारी करने पर सुनवाई होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि ये कानून असंवैधानिक और वक्फ संपत्ति को कंट्रोल करने वाला और छीनने वाला है।

कपिल सिब्बल ने सुप्रीम कोर्ट से कहा कि इस मामले में (वक्फ अधिनियम की संवैधानिकता पर) अंतरिम आदेश जारी करने पर सुनवाई होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि ये कानून असंवैधानिक और वक्फ संपत्ति को कंट्रोल करने वाला और छीनने वाला है। संशोधित कानून में प्रावधान किया गया है कि वक्फ की जाने वाली संपत्ति पर किसी विवाद की आशंका से जांच होगी। कलेक्टर जांच करेंगे। जांच की कोई समय सीमा नहीं है। जब तक जांच रिपोर्ट नहीं आएगी तब तक संपत्ति वक्फ नहीं मानी जाएगी। जबकि अल्लाह के नाम पर वक्फ संपत्ति दी जाती है। एक बार वक्फ हो गया तो हमेशा के लिए हो गया। सरकार उसमें आर्थिक मदद नहीं दे सकती। मस्जिदों में चढ़ावा नहीं होता, वक्फ संस्थाएं दान से चलती हैं। सुप्रीम कोर्ट ने पूछा कि दरगाहों में तो चढ़ावा होता है। इस पर सिब्बल ने कहा कि मैं मस्जिदों की बात कर रहा हूं। दरगाह अलग है। सिब्बल ने कहा कि मंदिरों में चढ़ावा आता है लेकिन मस्जिदों में नहीं।

### कनफ्यूज हुए कपिल सिब्बल तो सीजेआई ने ली चुटकी

कपिल सिब्बल ने कहा- पुराने अधिनियमों में 'शाल' शब्द का इस्तेमाल किया गया था। सीजेआई ने कहा- केवल 'शाल' शब्द के प्रयोग से पंजीकरण कराना अनिवार्य नहीं हो सकता, ऐसा नहीं करने पर परिणाम क्या होगा इसका कोई प्रावधान था? कपिल सिब्बल ने कहा- पुराने एक्ट में सिर्फ इतना कहा गया है कि जो मुत्तवल्ली ऐसा नहीं करता, वह अपना अधिकार खो देता है। बस इतना ही है। सीजेआई ने कहा कि हम यह पूछ रहे हैं कि क्या प्रासंगिक समय के अधिनियमों के तहत वक्फ घोषित की गई संपत्ति का पंजीकृत होना अनिवार्य या आवश्यक था? कपिल सिब्बल ने कहा कि 1954 के बाद वक्फ कानून में जितने भी संशोधन हुए, उनमें वक्फ प्रॉपर्टी का रजिस्ट्रेशन अनिवार्य था। अदालत ने पूछा- क्या वक्फ बाय यूजर में भी पंजीकरण अनिवार्य था। सिब्बल ने हां में जवाब दिया। अदालत ने कहा- तो आप कह रहे 1954 से पहले उपयोगकर्ता द्वारा वक्फ का पंजीकरण आवश्यक नहीं था और 1954 के बाद यह आवश्यक हो गया। सिब्बल ने कहा- इस बारे में कुछ भ्रम है, यह 1923 हो सकता है। मुख्य न्यायाधीश ने कहा- बहुत दबाव है, सिर्फ हम पर ही नहीं बल्कि आप पर भी। सुप्रीम कोर्ट ने सिब्बल से कहा कि हम आपकी इस दलील को दर्ज करेंगे कि पुराने अधिनियम के तहत पंजीकरण की आवश्यकता थी, लेकिन ऐसा नहीं करने पर क्या होगा इसका कोई प्रावधान नहीं था, इसलिए पंजीकरण न कराने पर कुछ नहीं होने वाला था।




# झुलसने लगी दिल्ली

## पारा पहुंचा 40 के पार

**नई दिल्ली।** राजधानी में झुलसाने वाली गर्मी एक बार फिर दस्तक दे चुकी है। सूरज ने अपने कड़े तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। बीते दो दिन से बारिश के यलो अलर्ट के बाद भी बदरा नहीं बरस रहे हैं। आलम यह है कि लोगों को तपती गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। दिन ही नहीं, बल्कि सुबह से लेकर शाम तक सूरज ने आग बरसाना शुरू कर दिया है। ऐसे में गर्मी सितम ढ़ा रही है।



**पांच दिन बारिश की संभावना :** वहीं, मौसम विभाग का पूर्वानुमान है कि 20 से 25 मई तक बारिश की संभावना है। ऐसे में रविवार तक बारिश होने की संभावना है। इस दौरान आसमान में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। हल्की से बहुत हल्की बारिश से साथ और तेज हवाएं 30-40 किमी प्रति घंटे की गति से चलने की संभावना है, जो गरज के साथ अस्थायी रूप से 50 किमी प्रति घंटे तक पहुंच सकती हैं। ऐसे में न्यूनतम तापमान में कमी आएगी। पारा गिरकर 38 डिग्री सेल्सियस पहुंच सकता है।

**पारा पहुंचा 40 के पार :** मौसम विभाग के अनुसार, मंगलवार को आसमान में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। बहुत हल्की से हल्की बारिश के साथ तेज हवाएं 30-40 किमी प्रति घंटा की गति से चल सकती है, जो धूल भरी हवाओं के साथ अस्थायी रूप से 50 किमी प्रति घंटे तक पहुंच जाएंगी। इस दौरान अधिकतम और न्यूनतम तापमान क्रमशः 39 और 28 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहेगा।

# 100 से अधिक हत्या करने वाला 'डॉक्टर डेथ' गिरफ्तार, आश्रम में रह रहा था बाबा बनकर

**नई दिल्ली।** 100 से अधिक हत्या करने वाले 'डॉक्टर डेथ' को दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने राजस्थान के दौसा से गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान गांव पुरैनी, अलीगढ़, यूपी निवासी डॉ. देवेंद्र कुमार शर्मा उर्फ डॉक्टर डेथ (67) के रूप में हुई है। आरोपी ने वर्ष 1995 से 2004 के बीच अपने गैंग के साथ मिलकर अनगिनत हत्याओं को अंजाम दिया।

वर्ष 1998 से 2004 के बीच इसने 125 लोगों का अवैध रूप से डॉ. अमित के साथ मिलकर किडनी ट्रांसप्लांट भी करवाया। 2004 में इसकी गिरफ्तारी के बाद सीरियल किलिंग व किडनी ट्रांसप्लांट रैकेट का खुलासा हुआ।



देवेंद्र के खिलाफ 21 हत्याओं के मामले में आरोप पत्र दाखिल हो चुके हैं। दिल्ली के सात मामलों में उसे उम्रकैद और गुरुग्राम के एक मामले में फांसी की सजाई सुनाई जा चुकी है।

9 जून 2023 को वह दो माह के लिए पैरोल पर बाहर आया था। इसके बाद उसने सरेंडर नहीं किया। बाद में वह राजस्थान के दौसा में एक आश्रम में बाबा बनकर रह रहा था।

अपराध शाखा की टीम ने उसे दौसा से गिरफ्तार किया है। डॉ. देवेंद्र बीएएमएस डॉक्टर है। करीब एक दशक उसने राजस्थान में अपना खुद का अस्पताल भी चलाया था।

# दिल्ली सरकार ने विधायकों का एलएडी फंड घटाया

## पिछली केजरीवाल सरकार ने की थी बढ़ोतरी

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने वार्षिक विधायक स्थानीय क्षेत्र विकास (एलएडी) निधि को 15 करोड़ रुपये से घटाकर 5 करोड़ रुपये कर दिया है। पिछले साल अक्तूबर में तत्कालीन आप सरकार ने विधानसभा चुनाव से कुछ महीने पहले निधि को 10 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 15 करोड़ रुपये कर दिया था। दिल्ली सरकार के शहरी विकास विभाग की ओर से जारी एक हालिया आदेश के अनुसार 2 मई को कैबिनेट के फैसले के अनुसार विधायक एलएडी फंड को प्रति विधानसभा क्षेत्र प्रति वर्ष 5 करोड़ रुपये रखा गया है।



आदेश में कहा गया है कि कैबिनेट निर्णय में कहा गया है कि निधि का आवंटन वित्तीय वर्ष 2025-26 से प्रति वर्ष प्रति विधानसभा क्षेत्र 5 करोड़ रुपये रखा गया है।

आदेश में कहा गया है कि यह एक अप्रतिबंधित निधि होगी और इसे पूंजीगत प्रकृति के स्वीकृत कार्यों के साथ-साथ परिसंपत्तियों की मरम्मत और रखरखाव के लिए बिना किसी सीमा के खर्च किया जा सकेगा।

भाजपा के एक विधायक ने कहा कि सरकार ने विधायक एलएडी फंड के तहत 350 करोड़ रुपये अलग रखे हैं, जिसे दिल्ली के 70 विधायकों में से प्रत्येक के बीच 5 करोड़ रुपये में बांटा गया है।

# बाबा बर्फानी से उम्मीदें: घाटी में फिर लौटेगा पर्यटकों का भरोसा

**जम्मू।** मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला आगामी श्री अमरनाथ यात्रा को एक बड़े मौके के रूप में देख रहे हैं। प्रदेश में पर्यटकों की वापसी के लिए वे बार-बार दोहरा रहे हैं कि श्री अमरनाथ यात्रा के सकुशल संपन्न होने के बाद पर्यटकों का भरोसा फिर लौटेगा। मुख्यमंत्री का ये भी कहना है कि यात्रा के समाप्त होने के बाद ही पर्यटन उद्योग को मजबूती देने के प्रयास शुरू किए जाएंगे।

बायसरन में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले के बाद से कश्मीर का पर्यटन उद्योग बुरी तरह से प्रभावित हुआ। रही सही कसर पाकिस्तान की गोलाबारी ने पूरी कर दी। एक पूरा का पूरा सीजन खराब हो गया। सात मई से 12 मई तक उड़ानें बंद रहीं। सीजफायर के बाद उड़ानें शुरू हुईं, तो पर्यटक आने शुरू हुए। इनमें अधिकतर ऐसे पर्यटक हैं, जिनकी पहले से बुकिंग थी।



# यूपी में बिजली उपभोक्ताओं को लगेगा जोर का झटका

## 30% बढ़ सकती हैं बिजली की दरें, पावर कार्पोरेशन ने बताया 19600 करोड़ का घाटा

**लखनऊ।** पावर कार्पोरेशन ने सोमवार को विद्युत नियामक आयोग में संशोधित वार्षिक राजस्व आवश्यकता प्रस्ताव दाखिल किया है। इसमें वित्तीय वर्ष 2025-26 में 19600 करोड़ का घाटा दिखाते हुए विद्युत दरों में करीब 30 फीसदी बढोतरी का प्रस्ताव दिया है। नियामक आयोग से मांग की है कि पावर कार्पोरेशन की स्थिति देखते हुए इस पर विचार करें। दूसरी तरफ बिजली दरें बढ़ाने का विरोध भी शुरू हो गया है। ऊर्जा और उपभोक्ता संगठनों ने निजी घरानों को उपकृत करने का आरोप लगाया है।



पावर कार्पोरेशन ने विद्युत नियामक आयोग में वार्षिक राजस्व आवश्यकता (एआरआर) दाखिल करने के बाद सप्ताहभर का वक्त मांगा और सोमवार को संसोधित प्रस्ताव दाखिल किया। पिछली बार एआरआर में 9200 करोड़ का घाटा बताया था। सोमवार को वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए पावर कारपोरेशन एवं डिस्कॉम ने वास्तविक आय-व्यय के आधार पर संशोधित लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में विद्युत कंपनियों द्वारा विद्युत बिलों के सापेक्ष वसूली मात्र 88 प्रतिशत ही हो पाई है, जिसके कारण राज्य सरकार द्वारा दी गई सब्सिडी के उपरान्त भी यह गैप वर्ष 2023-24 के 4,378 करोड़ के सापेक्ष बढ़कर 13,542 करोड़ हो गया है।

इसी प्रकार इस वित्तीय वर्ष 2025-26 में घाटा बढ़कर 19,600 करोड़ होने की सम्भावना है। यह भी बताया है कि पिछले चार वर्षों में कारपोरेशन एवं डिस्कॉम का खर्चा 8.3 प्रतिशत तथा राजस्व 6.7 प्रतिशत की दर से बढ़ा है, जिसके कारण प्रतिवर्ष कैश-गैप 12.4 प्रतिशत की दर से बढ़ा है।




## कांग्रेस ने दे दिया अपने सभी नेताओं को ये संदेश

# सोशल मीडिया पर किया कमेंट तो गंभीर कार्रवाई करनी होगी फेस






**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** आजकल सोशल मीडिया को अभिव्यक्ति का सबसे शसक्त साधन माना जाता है, लेकिन कई बार सोशल मीडिया पर कमेंट वार शुरू हो जाती है और सीमाएं पार हो जाती हैं। कांग्रेन ने अपने कार्यकताओं को ये संदेश दे दिया है कि सोशल मीडिया पर अनुशासन सबसे जरूरी है। पार्टी के पूर्व कैबिनेट मंत्री और प्रभारी राजबहादुर ने एक पत्र ने जारी किया और इस पत्र में उन्होंने शहर और जिले के अध्यक्षों को बता दिया कि अगर किसी ने सोशल मीडिया पर कमेंट किये तो फिर वो अनुशासन वाली कार्यवाही फेस करने के लिये तैयार रहें। पत्र में उन्होंने लिखा कि पार्टी में अनुशासन अति महत्वपूर्ण है। ऐसा संज्ञान में आया है कि विभिन्न जनपदों में बहुत से कार्यकर्ता सोशल मीडिया एवं अन्य प्लेटफार्म पर वरिष्ठ नेताओं और पार्टी विचारधारा के विपरीत टिप्पणियां करते हैं। यह नितांत आपत्तिजनक है और घोर अनुशासनहीनता की परिधि में आता है।

उन्होंने अपने पत्र में प्रदेश अध्यक्ष अजय राय का हवाला दिया और कहा कि उनका ये मानना है कि अगर किसी भी कार्यकर्ता को किसी भी तरह की शिकायत अथवा असंतोष है तो वह अपने संबंधित जिला और शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष से मिलकर लिखित अथवा मौखिक रूप से शिकायत कर इसका निराकरण करा सकते हैं। जनपद स्तर पर यदि उसका समाधान नहीं हो पता है तो वह प्रदेश कार्यालय में आकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष से मिल सकते हैं। पत्र में जिला और शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्षों को कहा गया है कि वह ऐसे अनुशासनहीन कामों को गंभीरता से लें। यदि फेसबुक अथवा किसी भी अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कोई कांग्रेसी अनर्गल पोस्ट डालता है तो यह अक्षम्य है और तत्काल उसके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। अध्यक्षों को बता दिया है कि वो इन निदेर्शों का कठोरता के साथ अनुपालन कराएं।

# हिंडन नदी पर रिवर फ्रंट विकसित होगा

## लाखों लोगों को मिलेगा लाभ : शहर विधायक संजीव शर्मा

## विधायक के पत्र का हुआ खास असर, जल शक्ति व बाढ़ नियंत्रण मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने दिए निर्देश





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** विधायक संजीव शर्मा के प्रयासों से शहर की बहुत बड़ी समस्या का समाधान होने जा रहा है। हिंडन नदी पर रिवर फ्रंट विकसित होगा जिससे लाखों को फायदा होगा। विधायक संजीव शर्मा द्वारा लिखे गए पत्र के बाद उत्तर प्रदेश के जल शक्ति व बाढ़ नियंत्रण मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने सिंचाई विभाग के प्रमुख सचिव को हिंडन नदी पर रिवर फ्रंट विकसित करने के निर्देश दिए हैं। विधायक संजीव शर्मा के मीडिया सलाहकार अजय चोपड़ा ने बताया कि हिंडन नदी पर रिवर फ्रंट विकसित करने की मांग लंबे समय से की जा रही है। विधायक संजीव शर्मा ने 15 अप्रैल को उत्तर प्रदेश के जल शक्ति व बाढ नियंत्रण मंत्री स्वतंत्र देव सिंह को पत्र लिखकर बताया था कि हिंडन नदी पर करहेड़ा पुल से हिंडन बैराज रेलवे लाइन तक दोनों तरफ लखनऊ के गोमती रिवर फ्रंट तर्ज पर रिवर फ्रंट विकसित किए जाने से लाखों लोगों को फायदा होगा। इसके लिए केंद्र सरकार 70 प्रतिशत तक धनराशि व्यव करने की मंजूरी दे रही है। इस सम्बंध में गाजियाबाद विकास प्राधिकरण व सिंचाई विभाग के बीच पत्रावलि भी की जा चुकी है, मगर कोई निर्णय अभी तक नहीं लिया गया है। गाजियाबाद को स्मार्ट सिटी बनाने के लिए हिंडन नदी पर रिवर फ्रंट विकसित किया जाना अनिवार्य है। विधायक संजीव शर्मा द्वारा लिखे गए पत्र के बाद उत्तर प्रदेश के जल शक्ति व बाढ नियंत्रण मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने सिंचाई विभाग के प्रमुख सचिव को हिंडन नदी पर रिवर फ्रंट विकसित करने के लिए कार्रवाई हेतु निर्देशित किया हैं।

# हाउस टैक्स बढ़ोत्तरी के खिलाफ लगातार बढ़ रहा है जनाक्रोश

## आरडब्ल्यूए से लेकर फेडरेशन तक का मिल रहा है साथ, कम नहीं हो रहा है हाउस टैक्स बढ़ोत्तरी को लेकर माहौल


फाइल फोटो




**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** नगर निगम गाजियाबाद के सदन में हाउस टैक्स बढ़ोत्तरी का प्रस्ताव गिरने के बावजूद लगातार नगर निगम हाउस टैक्स बढ़ोत्तरी पर लोगों को बिल भेजे जा रहे हैं। इसको लेकर अब चौतरफा विरोध शुरू हुआ हो गया है। हाउस टैक्स लगभग तीन से चार गुना के बीच बढ़ गया है। इसको लेकर अब चारों तरफ विरोध शुरू हो गया है। हाउस टैक्स बढ़ोत्तरी पर भारतीय जनता पार्टी के पूर्व पार्षदों ने इस मामले को पहले प्रमुखता से उठाया था। फिर इसको लेकर बीते दिनों कई रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन गाजियाबाद से जुड़े तेजेंद्र पाल त्यागी द्वारा भी मोर्चा खोला गया है। तो वहीं फेडरेशन से जुड़े इंदिरापुरम और साहिबाबाद के पदाधिकारियों ने भी अब इसे स्थानीय स्तर पर मुहिम के रूप में शुरूआत कर दी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि वह बढ़ी हुई कीमतों पर हाउस टैक्स नहीं जमा करेंगे। यह उनके ऊपर सीधा-सीधा अतिरिक्त भार है और महंगाई के दौर में यह है एक बड़ी परेशानी भी उनके सामने आ रही है।

### पार्षद भी दे रहे हैं स्थानीय लोगों और सोसायटी की आरडब्ल्यूए का साथ

**करंट क्राइम :** सोमवार को नगर निगम में जिस तरीके से हाउस टैक्स की बढ़ोत्तरी को लेकर नगर निगम के पार्षदों के तेवर नजर आ रहे थे और वह आक्रोर्षित भी थे, उसे देखकर लग रहा है कि धीरे-धीरे अब हाउस टैक्स बढ़ोत्तरी का मुद्दा गाजियाबाद में प्रमुखता से आगे बढ़ रहा है। नगर निगम के द्वारा हाउस टैक्स बढ़ोत्तरी के मुद्दे को लेकर जहां शहर का व्यापारी वर्ग एकजुट होता हुआ नजर आ रहा है। तो गाजियाबाद में 200 से अधिक सोसाइटियों की रेजीडेंट वेलफेयर एसोसिएशन और फेडरेशन ऑफ ओनर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों को भी जोड़ने का काम चल रहा है ताकि लगातार टैक्स बढ़ोत्तरी के मुद्दे पर जो गतिरोध चल रहा है उसे जनता के हक में किया जा सके। लोगों पर हादस टैक्स का अतिरिक्त बोझ नहीं आए और आमजन को लाभ मिल सके।

### लगातार सोशल मीडिया से लेकर इलाकों में शुरू हो रहा है विरोध

**करंट क्राइम :** सोमवार को जिस तरीके से नगर निगम के सभागार में नगर आयुक्त और महापौर से बड़ी संख्या में नगर निगम के पार्षदों ने हाउस टैक्स बढ़ोत्तरी को लेकर अपनी आवाज बुलंद की है। साथ ही उन्होंने कहा है कि वह इस फैसले में जनता के हक की आवाज को बुलंद करेंगे। हाउस टैक्स जिस कदर बढ़ाया जा रहा है, इससे आम जनता पर अतिरिक्त भार पढ़ रहा है और पार्षदों को कहना है कि वह जनता के ही वोटों पर जीत कर आए हैं, उनके मुद्दे को कैसे नहीं उठाएंगे। मंगलवार को जिस तरीके से नगर निगम गाजियाबाद में हंगामा हुआ है, तो वहीं बीते दिनों इंदिरापुरम से वर्तमान पार्षद और कौशांबी के पूर्व पार्षद द्वारा नगर निगम के हाउस टैक्स बढ़ोत्तरी का खुलकर विरोध करते हुए स्थानीय स्तर पर प्रदर्शन भी किया गया है। इसके बाद हाउस टैक्स का विषय एक बार फिर चर्चा में आ गया है।



# फेसबुक पर क्यों छिड़ गया भगवा नेताओं में घमासान



## पप्पू पहलवान ने लिखा- चिंता मत कर नहीं बनेगा तू महामंत्री ,और आ गया तूफान






**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** भाजपा में अब संगठन की दृष्टि से नया निजाम है, कई काम है, पार्टी के आयाम हैं और इन सब के बीच पॉलिटिकल व्यायाम है। मयंक गोयल की कप्तानी में नई टीम की रवानी होनी है। आमतौर पर ये होता है कि जब नए अध्यक्ष आते हैं तो कई चेहरे एक्टिव होते हैं। मयंक गोयल के अध्यक्ष बनने के बाद जहां कुछ पुराने चेहरे एक्टिव हुए हैं तो कई ऐसे भी हैं जो उतने एक्टिव नहीं हैं और मयंक गोयल भी नए चेहरों को साधकर चल रहे हैं। भाजपा में ये चर्चा इन दिनों चल रही है कि यहां एक पुरानी परंपरा टूट रही है।

पुरानी परंपरा ये है कि मंच संचालक महामंत्री के हाथों ही होता है। कई महामंत्री हैं जिन्हें इस बात की टीस है कि उन्हें इस फॉर्मेट से अलग कर दिया गया है। वैसे भी जब कोई नया अध्यक्ष आता है तो कई ऐसे पुराने चेहरे वापस लौटते हैं जो साइडलाइन में कर दिये गये होते हैं। ये चेहरे मेन स्ट्रीम में आने की कोशिश करते हैं। इनमें वो भी चेहरे होते हैं जो हाशिए पर चल रहे होते हैं। बताते हैं कि शहर विधानसभा में तिरंगा यात्रा निकली और शहर विधायक संजीव शर्मा के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा में महामंत्री पप्पू पहलवान और गोपाल अग्रवाल की खुशी अलग दिखाई दी। कार्यक्रम खत्म हुआ और गुणा-भाग लगाए गए। इस बात का आंकलन हो रहा था कि तिरंगा शौर्य यात्रा में अध्यक्ष जिंदाबाद के नारे ज्यादा सुनाई दिये या विधायक जिंदाबाद की गूंज ज्यादा थी। इसी बीच सोशल मीडियर पर पप्पू पहलवान की एक पोस्ट आई। पप्पू पहलवान का अपना एक अंदाज है, वो फेसबुक पर आते हैं, कुछ लिखते हैं और फिर घमासान छिड़ जाता है। मंगल को भी पप्पू पहलवान फेसबुक पर अवतरित हुए और उन्होंने किसी का नाम नहीं लिया, लेकिन ये लिखा कि चिंता मत कर महामंत्री नहीं बनेगा। इसके बाद उन्होंने एक दूसरी पोस्ट डाली और लिखा कि लिमिटेड कंपनी बना दी गई है और कोई सूचना नहीं होती। ये स्पष्ट था कि एक पोस्ट संगठन के लिये है और दूसरी उस चेहरे के लिये है जो महामंत्री बनने की रेस में है। पप्पू पहलवान की पोस्ट पर रिएक्ट शुरू हुआ और फिर यहां उनका भी रिएक्ट आ गया जो महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल की गुडबुक के नेता बताए जाते हैं और महामंत्री वाली दौड़ में सबसे आगे भी बताए जाते हैं।

### जब बोले विनोद कसाना, तेरी तरह किसी अन्य दल से नहीं आया हूं





**करंट क्राइम।** जिस चेहरे की बात हो रही थी उस चेहरे का नाम पप्पू पहलवान ने नहीं लिखा था, लेकिन यहां पप्पू पहलवान के इस तीर को विनोद कसाना ने डायरेक्टली अपने ऊपर लिया। उन्होंने लिखा कि मुझे चिंता नहीं है बिल्कुल भी। मैं पिछले 25 वर्ष से भाजपा का सिपाही हूं और तेरी तरह किसी अन्य दल से नहीं आया हूं।

### जब राजन वाल्मीकि ने उठा दिया लिमिटेड कंपनी पर सवाल




**करंट क्राइम।** फेसबुक पर फूल वालों की जंग शुरु हो चुकी है और जब ये जंग शुरू हुई तो इस जंग में भाजपा के पूर्व महामंत्री राजन आर्या वाल्मीकि भी कूदे। उन्होंने लिखा कि जिन्होंने स्वयं पांच साल संगठन को लिमिटेड कंपनी तरह चलाया है आज वो भी संगठन पर प्रश्नचिन्ह लगा रहे हैं।

### भाजपा नेत्री रीता सिंह ने मारा पप्पू पहलवान को ताना





**करंट क्राइम।** भाजपा नेत्री रीता सिंह भी फेसबुक रण में कूदी और यहां लिमिटेड कंपनी वाले बयान को लेकर उन्होंने पप्पू पहलवान पर ताना मारा। उन्होंने लिखा कि चलो लिमिटेड कंपनी लिखा तो यह फिर भी ठीक है और कम से कम प्राइवेट लिमिटेड से तो ठीक है।

### जब अवतार भाटी ने दी सुलह की सलाह





**करंट क्राइम।** भाजपा नेता अवतार भाटी इस रण में समझौते की सलाह के साथ आए। वो एक तरह से दोनों गुर्जर बिरादरों को समझा रहे थे। उन्होंने अपनी पोस्ट विनोद कसाना और पप्पू पहलवान को मेंशन की और लिखा कि मेरे भाइयों बैठकर सुलह कर लो। रहा पद तो वो सदा नहीं रहना किसी पर भी।

### प्रतीक माथुर बोले- कुछ लोग बढ़ा रहे हैं फेसबुक पर नंबर





**करंट क्राइम।** भाजपा के प्रतीक माथुर इस फेसबुकिया रण में पप्पू पहलवान के साथ आए। पप्पू पहलवान के खिलाफ प्रतिक्रिया देखकर उन्होंने लिखा कि कुछ लोग अब फेसबुक पर अपने नंबर बढ़ा रहे हैं।

### बोले संजय कुशवाहा- हमने भी किया है ऐसा महसूस




**करंट क्राइम।** बात लिमिटेड कंपनी को लेकर चली और फिर ऐसी चली कि फूल वालों में देर तक कमेंट वाली जंग चली। भाजपा के संजय कुशवाहा भी इस रण में आ गए। उन्होंने भी लिखा कि हम भी आपके समय में ऐसा ही महसूस करते थे। ज्यादा दिल पर मत लो।

### बोले पहलवान- कुछ लोग ले रहे हैं उड़ता तीर




**करंट क्राइम।** पप्पू पहलवान ने अपनी पोस्ट में संगठन का जिक्र नहीं किया, किसी का नाम नहीं लिया, लेकिन उनकी पोस्ट के बाद फेसबुक पर भगवा घमासान चला। मंगल को ये पोस्ट आई और फेसबुक पर भगवा दंगल शुरू हो गया। मिलीजुली प्रतिक्रिया आई और लिमिटेड कंपनी वाली बात को लेकर तो किसी ने किसी को टारगेट किया और फिर सबने कहा कि पहले भी कंपनी थी, अब भी कंपनी है। पोस्ट के घमासान के बीच पप्पू पहलवान फिर से अवतरित हुए और उन्होंने लिखा कि कुछ लोग उड़ता तीर ले रहे हैं।

### जंग थी भगवा फसादी, पर उसमें क्या कर रहे थे समाजवादी

**करंट क्राइम।** फूल वालों की जंग में एक अलग ही रंग था और ये रंग समाजवाद का था। फूल वालों की जंग फसादी थी लेकिन ये किसी की समझ नहीं आया कि भाजपा के रण में समाजवादी क्या कर रहे थे। भाजपा के संगठन को लिमिटेड और प्राइवेट लिमिटेड बताने का मामला था। किसी को महामंत्री नहीं बनाने का मामला था, लेकिन इस सब मामलों में समावादियों का क्या मामला था, ये समझ से बाहर था। भगवा रण में समाजवादी भी कूद पड़े। सपा नेता मनोज पंडित ने लिखा कि आप अपनी दया दृष्टि बनाए रखें। समाजवादी पार्टी के विक्की ठाकुर ने लिखा कि पूरी भाजपा ही लिमिटेड कंपनी है और सपा नेता दिनेश गुर्जर तो फूल वालों के रण में गुर्जर समाज को ले आए। यहां पर ये भी रोचक रहा कि फूल वालों की जंग में समाजवादियों की एंट्री खुद फूल वालों की समझ से बाहर थी।




▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** जब निकल रही थी शहर विधानसभा से तिरंगा यात्रा, तब यहां पर किसी ने रखी थी ओपन कार से तिरंगा फहराने की हसरत? सुना है, इस बात को लेकर खूब हुई थी बातचीत वाली कसरत? मगर, पता चला है कि करने वाले ने इस बात को कर दिया पूरी तरह से इग्नोर? रोड पर ही पैदल मार्च करके तिरंगा यात्रा में चलना पड़ा? जरूरी नहीं जब दिल कुछ मांगे तब मिल ही जाए कुछ भी श्योर?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** पहलवान की महामंत्री वाली बात पर पकड़ा है तीर कसाना जी ने गलत? हमें पता चला है, इस तीर से भगवा पहलवान किसी और बिरादरी वाले का कर रहे थे शिकार? जिसपर ये तीर चला गया था, वो है बहुत ज्यादा होशियार? उसने जानते हुए भी नहीं लपका पहलवान जी का तीर? ना जाने क्यों बात कसाना जी ने अपने ऊपर ले ली, जो फिर बाद में हो गई गंभीर?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** अगर, भगवा पहलवान ने लिमिटेड कंपनी और महामंत्री वाली बात शहर में कही होती साहब? तब इसके इफेक्ट डालने वाले डालते भगवा कमांडर पर मगर, ऐसा नहीं हुआ जनाब? कहने वाले ने कहा- तिरंगा यात्र के अगले दिन ही सोच समझकर पहलवान ने चला है ये शब्दों का तीर? साहिबाबाद से साधे गए हैं निशाने, ताकि शहर से किसी को भी ना मिले उनके दोस्त को घेरने के बहाने?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** खोड़ा में मजबूत बताई जाती है मिस्टर भाटी की लाठी? कहने वाले ने कहा- फिर ना जाने क्यों मजबूत कर रहे हैं हमारे नेता किसी और की लाठी? वो कमजोर मोहरे पर लगा रहे हैं यहां पर दांव? जबकि मिस्टर भाटी का मजबूत है भीड़ वाला प्रभाव? कहने वाले ने कहा- आप अभी से किसी दूसरे डिसीजन पर नहीं पहुंचो श्रीमान? वो पहला दिखाकर चलते हैं दूसरा? यूं ही नहीं रखने वालों ने रखा है उनका भगवा योद्धा नाम?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** फेसबुक पर मिस्टर कसाना और मिस्टर पहलवान के बीच जो चल रही थी शब्दों की लड़ाई? उस लड़ाई की पूरी तस्वीर दिखाने वालों ने वेस्टर्न वाले को है दिखाई? कहने वाले ने कहा- वेस्टर्न वाले ठाकुर साहब भगवा त्यागी मेंबर का हालचाल लेने के लिये थे उनके घर पर मौजूद? यहां पर कई भगवा धारियों का दिखाई दे रहा था वजूद? यहां पर दिखाने वालों ने पहलवान के पोस्ट को काफी निगेटिव तरीके से किया है पेश? सुना है, ठाकुर साहब ने भी इस मामले को सीरियस ले लिया है? जल्द ही वो लखनऊ वालों तक पहुंचाएंगे इसका संदेश?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** जो भी कुछ फेसबुक पर मंगलवार को हुआ है मिस्टर रामनिवास और मिस्टर विनोद के बीच में शब्दों का वार? कहने वाले ने कहा- अगर आप मेरे नजरिये से पूरे मामले को देखो तो इसमें किसी की फ्रस्ट्रेशन आ रही है बाहर? कहने वाले ने कहा- एक समय था जब मंच से लेकर बड़े-बड़े होर्डिंग पर दिखाई देता था एक महान मंत्री का फेस? जबसे हुआ है सत्ता परिवर्तन, तब से उखाड़ने वाले ने उखाड़ दिया है इन महामंत्री का बेस? तभी से जमा हो रहा था इनके सीने में ज्वाला? आखिर कब तक ये खुद को रोके रखते? मंगलवार को सारा लावा, इन्होंने एकसाथ बाहर निकाला?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** नदिया पार की भगवा कमिश्नरी की मैडम इस वक्त दिख रही हैं काफी परेशान? सुना है, उन्होंने समय से पहले कर दी है अपनी पूरी टीम फाइनल? फिर भी लगातार सिफारिशों का उनके पास आ रहा है पैगाम? कहीं वेस्ट तो कहीं प्रदेश से आते हैं उनके फोन? सामने से होती है सिफारिश वाली टोन? चाहकर भी मैडम इन सिफारिशों को नहीं दे पा रही हैं स्थान? क्योंकि कमेटी का वो कब से कर चुकी है समाधान?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हमें भगवा झा के अंदर दिखता है सच्चे कार्यकर्ता वाला किरदार? उनके चेहरे में होते हैं हमें प्योर कार्यकर्ता के दीदार? वो संगठन के फॉर्मेट पर ही करते हैं बात? उनका ये अंदाज हमको लगता है बहुत ही खास? कहने वाले ने कहा- फिर ना जाने क्यों वो मंडल की टीम में आने के लिये कर रहे हैं किसी निर्दलीय चुनाव लड़े चेहरे की सिफारिश? ये सिफारिश हमको नहीं हो रही है बर्दाश्त?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हम देख रहे हैं एक बड़े वाले कॉलेज में बहुत दिनों से नहीं हो रहे हैं संगठन के प्रोग्राम? ये वो कॉलेज है जहां से पार्टी के मजबूत वाले कार्यक्रमों के गए हैं ऊपर तक पैगाम? कहने वाले ने कहा- कुछ दिन पहले कॉलेज और पार्टी के नेता की स्टोरी में आया था ट्विस्ट? पता चला है उसके बाद कुछ ऐसा हुआ कि पार्टी के प्रोग्राम इस कॉलेज में होने की जगह हो गए अन्य स्थानों पर फिक्स?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** भगवा चोटी करते हैं पहलवान और पहलवान के दोस्त से बहुत ज्यादा प्यार? उन्हें है इस बात का अहसास कि आजकल दोनों दोस्तों के बीच में चल रही है मीठी तकरार? जैसे ही कविनगर रामलीला मैदान में आयोजित प्रोग्राम में उनको हुए पहलवान के दीदार? दोस्त से मुलाकात कराने के लिये उन्होंने पकड़ लिया पहलवान का कुर्ता? कहा- मैं तब तक आपको नहीं जाने दूंगा, जब तक आप कमांडर से नहीं करके दिखाते हैं पहले जैसा प्यार? सुना है, तब पहलवान ने चोटी वाले की बात का रखा मान? खिंचवाया उन्होंने कमांडर के साथ फोटो? फिर फोरमेलिटी करके कार्यक्रम से तुरंत चले गए श्रीमान?

नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।

## संपादकीय

# सामरिक चुनौतियों का बजट

भारत के लिए पाकिस्तान ही सामरिक और आतंकवादी समस्या नहीं है। चीन भी समान चुनौती है। बेशक भारत और चीन आपसी संबंधों को बेहतर बनाने में जुटे हैं। लद्दाख वास्तविक नियंत्रण रेखा वाले युद्ध-क्षेत्र से दोनों देशों की सेनाएं पीछे हट चुकी हैं। अमरीकी टैरिफ दबाव के मद्देनजर चीन भारत के साथ व्यापार को बढ़ाने के पक्ष में है, लेकिन चीन चुपचाप पीठ में छुरा घोंपने वाला देश रहा है। पाकिस्तान के साथ हालिया सैन्य संघर्ष में चीन ने उसे वायु रक्षा प्रणाली, मिसाइलें दीं, ड्रोन भी दिए और सैनिक भी पाकिस्तानी फौज के मुखौटे और लिबास में लड़े। पाकिस्तान हमारे लिए शाश्वत चुनौती है। युद्ध के आसार कभी भी बन सकते हैं। हालांकि भारतीय सेनाओं ने पाकिस्तान की सामरिक तैयारियों को ध्वस्त कर दिया है। उसके प्रमुख एयरबेस इतने तबाह कर दिए हैं कि वहां से किसी भी लड़ाकू विमान का उड़ान भरना नामुमकिन है। उन एयरबेस के पुनर्निर्माण के लिए पाकिस्तानी हुकूमत ने निविदाएं सार्वजनिक की हैं। बेशक वह सामरिक तौर पर तैयार रहना चाहता है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने पाकिस्तान को कर्ज की किस्त जारी करने से पहले 11 शर्तें तय की हैं, लेकिन उनमें एक भी ऐसी नहीं है, जो युद्ध और आतंकवाद को रोकने वाली हो। बेशक आईएमएफ ने विकास पर किए जाने वाले बजटीय खर्च को लेकर सवाल जरूर किए हैं। बहरहाल समस्या भारतीय सेनाओं के यथाशीघ्र आधुनिकीकरण की है, जिसके लिए रक्षा बजट में 26 फीसदी अतिरिक्त पूंजी के आवंटन की घोषणा की गई है। यह 50,000 करोड़ रुपए की वित्तीय मदद पर्याप्त नहीं है। बेशक भारत का रक्षा बजट 7.30 लाख करोड़ रुपए से अधिक का हो गया है, लेकिन अब भी वह सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का मात्र 1.9 फीसदी ही है। जो भारत की जरूरतें हैं और सामरिक चुनौतियां हैं, उनके मद्देनजर रक्षा बजट जीडीपी का कमोबेश 2.5 फीसदी के बराबर या उससे अधिक होना चाहिए।

सामरिक तैयारियां 20-25 साला परियोजना नहीं हो सकती। बजट में जो बढ़ोतरी की गई है, उसका अधिकतम हिस्सा महंगे, विदेशी हथियार और उपकरण खरीदने पर ही खर्च हो सकता है, लेकिन भारत को स्वदेशी रक्षा-उत्पादन तुरंत बढ़ाना चाहिए। उसके मद्देनजर रक्षा-क्षेत्र की निजी कंपनियों को आक्रामक समर्थन और सहयोग देकर रक्षा-खरीद को विस्तार देना बेहद जरूरी है। तुलना पाकिस्तान से नहीं, चीन की रक्षा तैयारियों के साथ करनी चाहिए। हमारी वायुसेना के पास बेहद आक्रामक और सटीक निशाने वाले लड़ाकू विमान हैं, लेकिन उनके दस्तों की संख्या 31 है, जबकि स्वीकृत संख्या 42 है। मौजूदा भारत-पाक संघर्ष में निर्णायक भूमिका हवाई हमलों ने ही निभाई। हालांकि एलओसी और अंतरराष्ट्रीय सीमा पर सेनाएं परंपरागत लड़ाई लड़ती रहीं, लेकिन पाकिस्तान की तबाही हमारे लड़ाकू विमानों और सटीक मिसाइलों ने ही तय की। ब्रह्मोस मिसाइल ने तो रिकॉर्ड कायम किए, लिहाजा आज करीब 20 देश हमसे ब्रह्मोस मिसाइल खरीदना चाहते हैं।

# शुरूआती बढ़त गंवाकर फिसला बाजार, सेंसेक्स 873 अंक गिरकर हुआ बंद, निफ्टी 24700 के नीचे



**नई दिल्ली।** शुरूआती बढ़त गंवाकर बेंचमार्क सूचकांक मंगलवार को नीचे फिसल गए। हफ्ते के दूसरे कारोबारी दिन बीएसई सेंसेक्स में 873 अंक की गिरावट दर्ज की गई। तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 872.98 अंक या 1.06 प्रतिशत गिरकर 81,186.44 अंक पर बंद हुआ। घरेलू शेयर बाजार में मंगलवार को उतार-चढ़ाव के साथ लगातार तीसरे दिन लाल निशान पर क्लोजिंग हुई। शुरूआती बढ़त गंवाकर बेंचमार्क सूचकांक नीचे फिसल गए। हफ्ते के दूसरे कारोबारी दिन बीएसई सेंसेक्स में 873 अंक की गिरावट दर्ज की गई। तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 872.98 अंक या 1.06 प्रतिशत गिरकर 81,186.44 अंक पर बंद हुआ। वहीं, एनएसई निफ्टी 261.55 अंक या 1.05 प्रतिशत गिरकर 24,683.90 पर आ गया। डॉलर के मुकाबले रुपया 21 पैसे की गिरावट के साथ 85.63 रुपये के भाव पर बंद हुआ।

### मूडीज ने अमेरिका की क्रेडिट रेटिंग घटाई

सोमवार को अमेरिकी शेयर, बॉन्ड और डॉलर के मूल्य में उतार-चढ़ाव दिखा। यह अस्थिरता मूडीस रेंटिंग्स की ओर से अमेरिका पर की गई टिप्पणी के कारण आई। मूडीज ने कहा है कि अमेरिकी सरकार अब शीर्ष-स्तरीय ₹एएए₹ रेटिंग की हकदार नहीं है। एसएंडपी इंडेक्स 500 0.1 प्रतिशत बढ़कर 5,963.60 पर पहुंच गया। डॉव जोन्स इंडस्ट्रियल एवरेज 0.3 प्रतिशत बढ़कर 42,792.07 पर पहुंच गया, और नैस्डैक कंपोजिट केवल 4.36 अंक बढ़कर 19,215.46 पर पहुंच गया।

### कैसा रहा एशियाई बाजार में कारोबार

मंगलवार की सुबह हांगकांग का हैंग सेंग इंडेक्स 0.9 प्रतिशत बढ़कर 23,542.46 पर पहुंच गया, जबकि शंघाई कंपोजिट इंडेक्स में 0.1 प्रतिशत का उछाल आया। टोक्यो में, निक्केई 225 0.5 प्रतिशत बढ़कर 37,685.09 पर पहुंच गया, जबकि ऑस्ट्रेलिया का एसएंडपी/एएसएक्स 200 0.6 प्रतिशत बढ़कर 8,343.30 पर पहुंच गया। दक्षिण कोरिया का कोस्पी 0.1 प्रतिशत बढ़कर 2,606.58 पर पहुंच गया, जबकि ताइवान का ताइएक्स 0.4 प्रतिशत ऊपर रहा।

## भारत का विनिर्माण क्षेत्र वैश्विक निवेशकों के लिए आकर्षक, अंतरराष्ट्रीय व्यापार नीति में बदलावों से लाभ



**नई दिल्ली।** भारत ने अपने विनिर्माण क्षेत्र को वैश्विक निवेशकों के लिए अधिक आकर्षक बनाने में उल्लेखनीय प्रगति की है। वैश्विक व्यापार नीति में बदलावों से भारत को लंबे समय में लाभ होगा। एसएंडपी ग्लोबल इंडिया ने सोमवार को एक अध्ययन में कहा, अर्थव्यवस्थाओं के खुद को बदलते व्यापार के हिसाब से ढालने एवं शुल्क चुनौतियों के अनुकूल होने के साथ भारत विनिर्माण बढ़ाने और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला एकीकरण के लिए इस मौके का लाभ उठा सकता है। स्थानीय स्तर पर काम कराने, बाजारों से निकटता और क्षेत्रीय एकीकरण से इस क्षेत्र में अतिरिक्त निवेश आएगा। इससे भारत की तकनीकी उन्नति और विनिर्माण प्रतिस्पर्धा में तेजी आएगी।

### उच्च गुणवत्ता वाले रोजगार के बनेंगे मौके

अध्ययन में कहा गया है कि आगे चलकर वैश्विक व्यापार नीति में बदलाव से आपूर्ति श्रृंखला में विविधीकरण को बढ़ावा मिलेगा, जो भारत के लिए काफी लाभकारी साबित होगा। इस दौरान विनिर्माण क्षेत्र में उच्च गुणवत्ता वाले रोजगार के अवसर तैयार होंगे।

### बाहरी व्यापार पर भारत की कम निर्भरता

एसएंडपी ग्लोबल ने कहा, 2024-25 में वास्तविक जीडीपी की धीमी वृद्धि के बावजूद भारत सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बना हुआ है। हालांकि, वृद्धि के लिहाज से भारत की बाहरी व्यापार पर कम निर्भरता है। यह इसे वैश्विक व्यापार और टैरिफ नीतियों में चल रहे बदलावों से कुछ हद तक बचाती है।

# चीन के फैसले से एशियाई शेयर चढ़े मूडीज के कदम से अमेरिका में चिंता



**नई दिल्ली।** ट्रंप के व्यापार युद्ध के कारण वैश्विक बाजारों में उतार-चढ़ाव देखने को मिला। जहां चीन ने अपनी अर्थव्यवस्था मजबूत करने के लिए ब्याज दरों में कटौती की। वहीं अमेरिका की क्रेडिट रेटिंग घटने से निवशकों में चिंता देखने को मिली। चीन ने अपनी अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए ब्याज दरों में कटौती की, जिससे एशियाई शेयरों में उछाल आया। यह कदम चीन ने व्यापार युद्ध से बिगड़ी स्थिति से निपटने के लिए उठाया गया। चीन की कंटेम्पररी एम्परेक्स टेक्नोलॉजी कंपनी लिमिटेड (सीएटीएल), जो दुनिया की सबसे बड़ी इलेक्ट्रिक बैटरी कंपनी है के शेयरों में तेजी आई। हांगकांग में कारोबार के दौरान सीएटीएल के शेयरों में 13 प्रतिशत का उछाल आया। कंपनी ने इस साल दुनिया के सबसे बड़े आईपीओ में लगभग 4.6 अरब डॉलर जुटाए हैं। शंघाई के बाद छोटे शेयर बाजार शेन्जेन में सीएटीएल की शेयरों में दिन की शुरूआत में गिरावट के बाद 0.1 प्रतिशत की बढ़त हुई।

### ट्रंप की टैरिफ नीति से चीन की अर्थव्यवस्था दबाव में

चीन को चिंता है कि मांग में कमी होने के कारण मंहगाई के बजाए अपस्फीति की स्थिति पैदा हो सकती है। अर्थशास्त्री चीन से ऐसे ही कदम की उम्मीद कर रहे थे। सोमवार को जारी हुए डेटा के अनुसार ट्रंप के व्यापार युद्ध के कारण अर्थव्यवस्था दबाव में है। साथ ही, खुदरा ब्रिकी और फैक्ट्री उत्पादन धीमा हो रहा है और संपत्ति निवेश में गिरावट जारी है। कैपिटल इकोनॉमिक्स की जिचुन हुआंग ने एक रिपोर्ट में कहा कि मंगलवार की कटौती शायद इस साल की आखिरी कटौती नहीं होगी।

### कैसा रहा एशियाई बाजार में कारोबार

मंगलवार की सुबह हांगकांग का हैंग सेंग इंडेक्स 0.9 प्रतिशत बढ़कर 23,542.46 पर पहुंच गया, जबकि शंघाई कंपोजिट इंडेक्स में 0.1 प्रतिशत का उछाल आया। टोक्यो में, निक्केई 225 0.5 प्रतिशत बढ़कर 37,685.09 पर पहुंच गया, जबकि ऑस्ट्रेलिया का एसएंडपी/एएसएक्स 200 0.6 प्रतिशत बढ़कर 8,343.30 पर पहुंच गया। दक्षिण कोरिया का कोस्पी 0.1 प्रतिशत बढ़कर 2,606.58 पर पहुंच गया, जबकि ताइवान का ताइएक्स 0.4 प्रतिशत ऊपर रहा। सोमवार को अमेरिकी शेयर, बॉन्ड और डॉलर के मूल्य में उतार-चढ़ाव दिखा।

# एसबीआई ने एफडी पर ब्याज 0.20% घटाया, जेम पोर्टल पर विदेशी विक्रेताओं से खरीद की जल्द मिलेगी सुविधा

**नई दिल्ली।** भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने सभी अवधि के लिए सावधि जमा (एफडी) पर ब्याज दरों में 0.20 फीसदी की कटौती की है। नई दरें 16 मई से लागू हो गईं। तीन करोड़ रुपये से कम राशि की घरेलू जमा पर ब्याज दरों में कटौती सामान्य व वरिष्ठ नागरिकों दोनों के लिए है। दो से तीन वर्ष से कम अवधि की एफडी पर अधिकतम 6.7 फीसदी ब्याज मिलेगा। तीन से पांच साल से कम समय वाली जमा पर 6.55 फीसदी ब्याज मिल रहा है। पांच से 10 साल की एफडी पर 6.30 फीसदी ब्याज मिलेगा। अदाणी समूह की कंपनी बनाएगी एंटी-सबमरीन वारफेयर सिस्टम अदाणी समूह की कंपनी अब भारतीय नौसेना के लिए



एंटी-सबमरीन वारफेयर सिस्टम (एएसडब्ल्यू) बनाएगी। डिफेंस क्षेत्र में काम करने वाली अदाणी डिफेंस एंड एयरोस्पेस ने अमेरिका कंपनी स्पार्टन के साथ एक समझौता किया है।

### जेम पोर्टल पर विदेशी विक्रेताओं से खरीद की जल्द मिलेगी सुविधा

सरकारी ई-मार्केटप्लेस (जेम) प्रतिस्पर्धा बढ़ाने के लिए सार्वजनिक खरीद पोर्टल पर जल्द ही दर अनुबंध और वैश्विक निविदा सुविधाओं को जोड़ने पर काम कर रहा है। वैश्विक निविदा सुविधाओं के शुरू होने के बाद अंतरराष्ट्रीय आपूर्तिकताओं या विदेशी विक्रेताओं से भी खरीद-बिक्री संभव हो सकेगी। इसी तरह, दर अनुबंध के तहत सरकारी खरीदार एक तय अवधि में पूर्व निश्चित कीमतों पर उत्पाद और सेवाएं खरीद सकेंगे। ऐसे में बार-बार बोली लगाने की जरूरत कम हो जाएगी। फिलहाल ये सुविधाएं जेम पोर्टल पर नहीं हैं। जेम के सीईओ मिहिर कुमार ने कहा, हम पोर्टल को और व्यापक बनाने के तरीकों पर विचार कर रहे हैं। उन्होंने बताया, जेम ने अब तक 10 लाख से अधिक छोटे उद्योगों, 1.3 लाख से ज्यादा कारीगरों, 1.84 लाख महिला उद्यमियों और 31,000 स्टार्टअप को अपने डिजिटल प्लेटफॉर्म से जोड़ा है।

## रोचक तथ्यों का करंट

- रुथ लॉरेंस, एक बाल विलक्षण गुण-संपन्न मनुष्य, ने 10 साल की उम्र में ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी गणित की परीक्षा उत्तीर्ण की थी, सभी 530 उम्मीदवारों में से प्रथम आने के बाद, उन्होंने 13 साल की उम्र में एक वर्ष की डिग्री पूरी की थी।
- ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय दुनिया का दूसरा सबसे पुराना क्रियाशील विश्वविद्यालय है। सबसे पुराना एक बोलोग्ना विश्वविद्यालय है।
- ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी के नेतृत्व में एक शोध अध्ययन में पाया गया कि नास्तिक और अत्यधिक धार्मिक लोग कम से कम मौत से डरते हैं।
- ऑक्सफोर्ड के सबसे पहले कॉलेजों ने 13 वीं शताब्दी के दौरान दरवाजे खोले, लेकिन साल 1878 तक कोई महिला छात्रों की अनुमति नहीं थी।
- ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय में 200 से अधिक वर्षों की शराब की 1000 बोतलें हैं।
- साल 1755 में, ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी ने एक डोडो पक्षी जला दिया, यूनिवर्सिटी इस बात से अनजान थी कि यह दुनिया का आखिरी पूर्ण नमूना था।

## राशिफल

**मेष:** आराम व मनोरंजन के साधनों पर व्यय होगा। वैवाहिक प्रस्ताव प्राप्ति के योग हैं। राजकीय बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी।

**वृष:** जीवनसाथी का सहयोग प्राप्त होगा। भेंट व उपहार पर व्यय हो सकता है। किसी मामले की चिंता रह सकती है।

**मिथुन:** शारीरिक कष्ट की आशंका है। कार्य में विघ्न हो सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। परीक्षा व साक्षात्कार इत्यादि में सफलता प्राप्त होगी।

**कर्क:** पुराना रोग उभर सकता है। अपेक्षित कार्यों में विलंब होने से तनाव रहेगा। आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है, सावधानी रखें।

**सिंह:** व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य खराब हो सकता है। खान-पान का ध्यान रखें। प्रयास सफल रहेंगे। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। राजमान के योग हैं।

**कन्या:** प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में परेशानी हो सकती है। मन तथा शरीर में थकान महसूस होगी। घर में अतिथियों का आगमन होगा। व्यय होगा।

**तुला:** कोई बड़ा काम होने से प्रसन्नता रहेगी। भाग्य का साथ रहेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। धन प्राप्ति व रोजगार में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक:** किसी मद में बड़ा खर्च हो सकता है। आर्थिक? स्थिति कमजोर हो सकती है। किसी के उकसाने में न आएं। महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर करें।

**धनु:** आशंका-कुशंका के चलते निर्णय लेने की क्षमता कम होगी। थकान रह सकती है। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे।

**मकर:** लोगों की सहायता करने का अवसर प्राप्त होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। बिगड़े काम बनेंगे। उत्साह व प्रसन्नता से कार्य कर पाएंगे।

**कुंभ:** किसी धार्मिक कार्यक्रम में हिस्सा लेने का अवसर मिल सकता है। आत्मिक शांति रहेगी। किसी विवाद में विजय प्राप्त होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी।

**मीन:** वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग में सावधानी रखें। विशेषकर युवा वर्ग लापरवाही न करें। भागदौड़ अधिक होगी।

## चुटकुले

सिक्योरिटी गार्ड से नौकरी के लिए इंटरव्यू में पूछा गया कि अंग्रेजी आती है?
गार्ड का शांतिपूर्ण जवाब - क्यों चोर इंग्लैंड से आएंगे क्या?

---

पत्नी - मैं रोज पूजा करती हूं
काश एक दिन श्रीकृष्ण के दर्शन हो जाये..
पति - एक बार मीराबाई बन कर जहर पी ले
फिर देख श्रीकृष्ण तो क्या
तूझे सारे भगवान नजर आ जाएंगे

---

टिल्लू - सर, मैं आपकी बेटी से 20 साल से प्यार करता हूं
रेनू के पिता - तो अब क्या चाहते हो?
टिल्लू - शादी
रेनू के पिता - थैंक गॉड, मैंने सोचा तुम शायद पेंशन चाहते हो...




प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

**करंट क्राइम**

K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# खेलो इंडिया बीच गेम्स से भारतीय खेलों में नया अध्याय जुड़ा : पीएम मोदी





**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को खेलों की 'परिवर्तनकारी शक्ति' की सराहना की और खेलो इंडिया बीच गेम्स (तटीय खेल) को देश के खेल इतिहास में एक महत्वपूर्ण क्षण बताया। खेलो इंडिया के तहत पहली बार आयोजित हो रहे इन खेलों की औपचारिक घोषणा सोमवार को खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने घोघला बीच पर एक रंगारंग समारोह में की। पीएम मोदी ने इन खेलों की भारतीय खेल कैलेंडर में अहम जगह बनाने की उम्मीद जताते हुए खेलों के आयोजकों को बधाई दी और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने अपने संदेश में कहा, 'हमारे जैसे विविधतापूर्ण देश में खेलों में हमेशा एक अनूठी शक्ति रही है जो संस्कृतियों, क्षेत्रों और भाषाओं को जोड़ती है।'

उन्होंने कहा, 'खेलों की जीवंत ऊर्जा मनोरंजन से परे है और यह एक परिवर्तनकारी शक्ति बन गई है, जो राष्ट्रीय गौरव और हमारे युवाओं की आकांक्षाओं का प्रतीक है। इस संदर्भ में खेलो इंडिया बीच गेम्स का अधिक महत्व है।' प्रधानमंत्री ने कहा कि उद्घाटन केआईबीजी के लिए दीव को चुना जाना उचित है। उन्होंने कहा, 'सूर्य, रेत और पानी का यह संगम शारीरिक चुनौती को बढ़ाता है और साथ ही हमारी तटीय विरासत का जश्न मनाता है। जब लहरें तटों से टकराएंगी और एथलीट प्रतिस्पर्धा करेंगे, तो भारत खेलों में एक नया अध्याय लिखेगा।'

केआईबीजी में 30 से अधिक राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 1,350 से अधिक एथलीट प्रतिस्पर्धा करेंगे। एथलीट छह पदक खेलों में प्रतिस्पर्धा करेंगे। इसमें फुटबॉल, वॉलीबॉल, सेपकटकरा, कबड्डी, पेनकैक सिलाट और खुले पानी में तैराकी शामिल है। इन खेलों में मल्लखंब और रस्साकशी को प्रदर्शन खेल (गैर-पदक) के तौर पर शामिल किया गया है। उद्घाटन समारोह में पारंपरिक नृत्य शैलियों के माध्यम से भारत की समृद्ध विविधता को प्रदर्शित किया गया। इसमें दादरा एवं नगर हवेली तथा दमन एवं दीव और लक्षद्वीप के प्रशासक प्रफुल्ल पटेल, पुडुचेरी के उपराज्यपाल के. कैलाशनाथ और अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह के उपराज्यपाल एडमिरल डी.के. जोशी सहित कई गणमान्य व्यक्ति शामिल हुए।

मांडविया ने 2047 तक भारत को खेल महाशक्ति बनाने की प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा, 'आज हम न केवल एक खेल आयोजन का उद्घाटन कर रहे हैं, बल्कि हम भारत की पहली समुद्र तटीय खेल क्रांति की शुरूआत कर रहे हैं। मेरा मानना है कि जहां लहरें हैं, वहां जुनून होना चाहिए; जहां रेत है, वहां उत्साह और जोश होना चाहिये। खेलो इंडिया बीच गेम्स ने आज हम सभी के दिलों में वही उत्साह जगा दी है।'

मांडविया ने कहा, 'खेल घरेलू खेल बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और दुनिया को एक मजबूत संदेश भेजने का एक तरीका है कि भारत किसी भी पैमाने के अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजनों की मेजबानी करने में सक्षम है।' मांडविया ने केआईबीजी को उचित महत्व देने की वकालत करते हुए कहा, 'बीच वॉलीबॉल जैसे खेल न केवल युवाओं को शौक के तौर पर आकर्षित करते हैं, बल्कि उन्हें करियर के अवसर भी प्रदान करते हैं। यह पहली बार है कि भारत के समुद्र तटों पर इतने बड़े पैमाने पर प्रतिस्पर्धी खेल आयोजित किए जा रहे हैं।' मंत्री ने कहा कि भारत एक फिटनेस जागरुक राष्ट्र बन रहा है और खेल की संस्कृति 'न्यू नॉर्मल' बन गई है।

# पार्षद गौरव सोलंकी ने किया पार्क में ओपन जिम का उद्घाटन



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** ज्येष्ठ माह के द्वितीय बड़े मंगलवार के अवसर पर वार्ड 76 वैशाली के सेक्टर 3ए स्थित पिंक पार्क में ओपन जिम का उद्घाटन पार्षद गौरव सोलंकी ने किया गया। वैशाली के सभी निवासियों को ओपन जिम समर्पित किया गया। पार्षद गौरव सोलंकी ने बताया कि हमने पार्क की चारदिवारी की मरम्मत के लिए भी नगर निगम को आदेशित कर दिया है। आशा है आप इस जिम को अपनी सम्पत्ति मानते हुए सही प्रकार से इसका इस्तेमाल कर स्वास्थ्य लाभ प्राप्त करेंगे। इस अवसर पर उपस्थित सम्मानित लोगों ने वैशाली में हुए विकास कार्य की प्रशंसा की। इस अवसर पर आदरणीय रामपाल सिंह, सुनील वैध, के एम गोयल, ब्रजमोहन, एमपी शर्मा, संतोष दिक्षित, महावीर बिष्ट, रमाकांत पांडे, बीके शर्मा, के एस घई, सुभाष फोतेदार, संजय अग्रवाल, संजय यादव, संदीप कुमार, अमन शर्मा, एक के कौल, सर्वेश रोहतगी, रतन स्वरूप, अशोक शास्त्री, गणेश पांडे, राहुल गुप्ता, ज्ञान प्रकाश गुप्ता, पुष्पा बिष्ट, उषा थपियाल, मिस्टी सचदेवा, शशि भाटी, कल्पना अग्रवाल, शोभा गोयल, संध्या, प्रतिमा द्विवेदी, नेहा गोयल, वर्षा रावत, पारूल श्रीवास्तव, सरिता जोशी सहित अन्य कई प्रमुख लोग उपस्थित रहे।



# समाधान शक्ति सामाजिक संस्था ने जरूरतमंद परिवारों को प्रदान की आर्थिक सहायता



## - शिक्षा और जरूरतमंदों की मदद हमारे संगठन के मूल उद्देश्य : पप्पू पहलवान

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** समाधान शक्ति सामाजिक संस्था द्वारा महानगर महामंत्री पप्पू पहलवान के नेतृत्व में सामाजिक उत्तरदायित्व का निर्वहन करते हुए दो जरूरतमंद परिवारों को संस्था के पदाधिकारियों द्वारा सहायता प्रदान की गई। इस क्रम मे एक परिवार जिसके पुत्र की हाल ही में आकस्मिक मृत्यु हो गई उनके बच्चों की शिक्षा बाधित न हो इस उद्देश्य से संस्था द्वारा गुरु गोविंद सिंह इंद्रप्रस्थ सिटी स्कूल के नाम पर 40 हजार रुपए की सहयोग राशि डिमांड ड्राफ्ट के रूप में भेंट की गई। साथ ही एक अन्य आर्थिक रूप से कमजोर परिवार को 12 हजारी की सहयोग राशि सीधे प्रदान की गई ताकि वे अपने दैनिक जीवन की आवश्यकताओं को पूरा कर सकें। इस अवसर पर पप्पू पहलवान ने कहा समाज के हर वर्ग तक सहायता पहुँचाना हमारा कर्तव्य है। शिक्षा और जरूरतमंदों की मदद हमारे संगठन के मूल उद्देश्य हैं। समाधान शक्ति सामाजिक संस्था लगातार समाज के कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए कार्यरत है और भविष्य में भी इसी भावना के साथ कार्य करती रहेगी।

# गाजियाबाद इंडस्ट्रीज फेडरेशन का प्रतिनिधि मंडल ने टैक्स बढ़ोत्तरी पर यूपीसीडा के अधिकारी को सौंपा ज्ञापन



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** मंगलवा को गाजियाबाद इंडस्ट्रीज फेडरेशन के प्रतिनिधि मंडल ने यूपीसीडा के आर एम प्रदीप सत्यार्थी से मिला। ये बैठक एमडी मयूर माहेश्वरी के निर्देश पर तय हुई थी। जनपद के अधिकांश एरिया के पदाधिकारी शामिल हुए फेडरेशन द्वारा यूपीसीडा से निगम से कम टैक्स लेने की बात कही गई व एमडी को नामित ज्ञापन भी सौंपा। विदित हो कि 25 अप्रैल से निगम किसी भी एरिया से टैक्स नहीं लेगा। यूपीसीडा ही रख रखाव करेगा। उसी विषय पर ये बैठक हुई। इस बैठक में अरुण शर्मा अध्यक्ष गाजियाबाद इंडस्ट्रीज फेडरेशन, हरिओम चौहान, अध्यक्ष एसएसजीटी रोड, सत्य भूषण, अमृत स्टील कंपाउंड, अशोक चौधरी साहिबाबाद इंडस्ट्रियल एरिया, जितेंद्र त्यागी उद्योग कुंज से आदि उपस्थित रहे।

# शिवम शुक्ला का केकेआर में चयन, एमपीएल में छोड़ी थी छाप



**नई दिल्ली।** गत विजेता कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो चुकी है। अब उसे ग्रुप चरण का आखिरी मुकाबला 25 मई यानी रविवार को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ खेलना है। इस मैच से पहले फ्रेंचाइजी ने मध्य प्रदेश के मिस्ट्री स्पिनर शिवम शुक्ला को टीम में शामिल किया है। उन्हें वेस्टइंडीज के घातक ऑलराउंडर रोवमैन पॉवेल की जगह टीम में एंट्री मिली है। मध्य प्रदेश के शिवम शुक्ला ने घरेलू स्तर पर सिर्फ सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी का एक सत्र खेला है। इससे पहले उन्होंने मध्य प्रदेश प्रीमियर लीग के पहले सत्र में सुर्खियां बटोरीं थीं। छह मैचों में शिवम ने 12 विकेट झटके, जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी प्रदर्शन 18 रन देकर चार विकेट रहा। उनका इकोनॉमी रेट केवल 6.2 रहा और उन्होंने विपक्षी बल्लेबाजों को लगातार दबाव में रखा। उनकी कंसिस्टेंसी और विविधतापूर्ण स्पिन गेंदबाजी ने उन्हें एक उभरते हुए स्पिनर के रूप में स्थापित किया। शिवम को 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट (बॉलिंग कैटेगरी)' के लिए भी नॉमिनेट किया गया था। ग्वालियर डिवीजन क्रिकेट बोर्ड के उपाध्यक्ष व एमपीएल के चेयरमैन महानआर्यमन सिंधिया का विचार यही था की एमपीएल ना केवल एक होम ग्रोन टी 20 लीग बने बल्कि एमपी के खिलाड़ियों के लिए एक ऐसा प्लेटफार्म भी बने जिससे खिलाड़ी यहां प्रदर्शन कर आईपीएल, देश की राष्ट्रीय टीम व विश्व के विभिन्न लीग व काउंटी में अपनी जगह बनाए।

# हरीश मल्होत्रा के आवास पर पहलगाम बदले की जीत पर बांटी गई मिठाई





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** हरीश मल्होत्रा के आवास पर मंगलवार को सबका साथ सबका विकास सोसायटी की मीटिंग आयोजित की गई। पाकिस्तान से पहलगाम का बदला लेने पर भारत के प्रधानमंत्री को, भारतीय सेना को एवं सभी देशवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर सोसाइटी में मिठाई बांटकर खुशी जाहिर की एवं सभी ने एक-दूसरे को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। सोसाइटी के कार्यक्रम में शामिल हुए लोग इस प्रकार हैं - हरीश मल्होत्रा, बलदेव मल्होत्रा, पंकज नागर, बिजेन्द्र तेवटिया, दीपक भट्ट, सुरेंद्र खारी, कैलाश कुमार, योगेश कपूर,सुरेन्द्र त्यागी, राहुल त्यागी, संदीप रस्तोगी, एस के ठाकुर, नारायण श्रवणकर, रतन सिंह आदि।

# अब्दुल समद के आउट होते ही आपा खो बैठे निकोलस पूरन

**नई दिल्ली।** सनराइजर्स हैदराबाद ने सोमवार को लखनऊ सुपर जाएंट्स को छह विकेट से हरा दिया। इसी के साथ लखनऊ की प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीदें समाप्त हो गईं। इस मैच में वेस्टइंडीज के स्टार बल्लेबाज निकोलस पूरन ने अपना आपा खो दिया, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है।

यह घटना अब्दुल समद के आउट होने के बाद की है। जैसे ही नीतीश कुमार रेड्डी ने समद को बोल्ड किया, पूरन अपना आपा खो बैठे और उन्होंने अपना पैड फेंक दिया। वीडियो में देखा जा सकता है कि वह काफी गुस्से में नजर आ रहे हैं। बता दें कि, पूरन इस मैच में 26 गेंदों में 45 रन बनाकर रनआउट हुए थे। उन्हें ईशान किशन ने रनआउट किया था। मैच में क्या हुआ? सनराइजर्स हैदराबाद ने लखनऊ सुपर जाएंट्स को छह विकेट से हरा दिया और उन्हें प्लेऑफ की दौड़ से बाहर कर दिया।

# ठोस अपशिष्ट प्रबंधन प्लांट को लेकर हुई द्विपक्षीय वार्ता, नगर आयुक्त ने दी जानकारी

## नवीनतम तकनीकी के आधार पर ठोस अपशिष्ट प्रबंधन प्लांट का होगा संचालन : नगर आयुक्त





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक की अध्यक्षता में ढबारसी ग्राम वासियों तथा निगम अधिकारियों के बीच ठोस अपशिष्ट प्रबंधन प्लांट को लेकर विस्तृत चर्चा हुई, जिसमें नगर आयुक्त द्वारा ग्राम वासियों के पक्ष को सुना गया तथा उपस्थित जनों को नवीनतम तकनीकी के आधार पर अन्य स्थानों पर चल रहे ठोस अपशिष्ट प्रबंधन प्लांट के बारे में भी जानकारी दी गई।

आधुनिक युग के चलते आधुनिक उपकरणों के माध्यम से सरलतापूर्वक ठोस अपशिष्ट प्रबंधन का कार्य सफल हो रहा है ग्राम वासियों को जागरूक किया गया, बैठक में अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार, ए डी एम रणविजय सिंह, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर मिथिलेश भी उपस्थित रहे।

नगर आयुक्त द्वारा बताया गया कि ढबारसी मे बन रहे ठोस अपशिष्ट प्रबंधन प्लांट को लेकर ग्राम वासियों में भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो रही थी जिसको जानकारी देते हुए आधुनिक तकनीकी से चल रहे ठोस अपशिष्ट प्रबंधन प्लांट के बारे में विस्तार से बताया गया' उपस्थित ग्राम वासियों ने आसपास के अन्य ग्रामीण वासियों को हुई चर्चा के बारे में जानकारी देने का निर्णय लिया।

इसके उपरांत संयुक्त बैठक आयोजित करने के लिए निगम अधिकारियों को अवगत कराया गया जिस पर नगर आयुक्त द्वारा नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर मिथिलेश को दो दिन के भीतर पुनः सभी संबंधित ग्राम वासियों से बैठक आयोजित करने के निर्देश दिए गए, बैठक में ढबारसी ग्राम वासियों के साथ-साथ किसान यूनियन की भी पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### निगम ने कई स्थानों पर कूड़े के पहाड़ हटाकर किया है प्लांटेशन का कार्य

प्रतिदिन ठोस अपशिष्ट प्रबंधन की कार्यवाही आधुनिक उपकरणों के माध्यम से की जाएगी, किसी प्रकार की असुविधा आसपास क्षेत्रवासियों को नहीं होगी, प्रोसेसिंग प्लांट पूर्ण रूप से कवर्ड है प्रतिदिन आने वाले ठोस अपशिष्ट का तद दिवस में ही निस्तारण किया जाएगा, जिसके क्रम में आसपास क्षेत्र की रोड मरम्मत का कार्य, व अन्य आवश्यक सुविधाएं भी विभाग द्वारा मुहैया कराई जाएगी, ग्राम वासियों को नगर आयुक्त द्वारा बताया गया, गाजियाबाद नगर निगम द्वारा पाइप लाइन पर भी किए जा रहे हैं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन प्लांट के बारे में उदाहरण देते हुए जानकारी दी गई' इसके अलावा गाजियाबाद नगर निगम द्वारा शहर में कई स्थानों पर कूड़े के पहाड़ों को हटाकर प्लांटेशन का कार्य किया है जिससे शहर की सुंदरता भी बढ़ाई गई है ग्रीनरी को भी बढ़ावा मिला है इसी क्रम में गाजियाबाद नगर निगम अन्य क्षेत्रों में भी कार्य करेगा उपस्थित जनों को अवगत कराया गया।

# समाधान शक्ति सामाजिक संस्था शहीदों के सम्मान में निकालेगी चलो इंडिया गेट विशाल तिरंगा यात्रा

## ऐतिहासिक तिरंगा यात्रा में भाग लेकर शहीदों को श्रद्धांजलि दें : पप्पू पहलवान



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** समाधान शक्ति सामाजिक संस्था द्वारा महानगर महामंत्री पप्पू पहलवान के नेतृत्व में चलो इंडिया गेट विशाल तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। यह राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत यात्रा शालीमार गार्डन स्थित शहीद स्थल साहिबाबाद से प्रारंभ होकर इंडिया गेट नई दिल्ली तक जाएगी। इस यात्रा का उद्देश्य देश के लिए बलिदान देने वाले वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करना और युवाओं में राष्ट्रप्रेम की भावना को जागृत करना है। इस आयोजन की पूर्व तैयारी के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन लेखराज छाबड़ी के ऑफिस गुरु कृपा ट्रेवल्स पर किया गया। बैठक में यात्रा की योजना, सुरक्षा व्यवस्था, मार्ग निर्धारण एवं प्रतिभागियों की सहभागिता पर विस्तार से चर्चा की गई। हम सभी देशप्रेमियों, युवाओं और नागरिकों से अनुरोध करते हैं कि इस ऐतिहासिक तिरंगा यात्रा में भाग लेकर शहीदों को श्रद्धांजलि दें और राष्ट्रीय एकता का परिचय दें। इस अवसर पर डी एन कोल, भूषण लाल, प्रतीक माथुर, केशव सक्सेना, शैलेंद्र सक्सेना, मनोज मिश्रा, प्रमोद, अनिल फोतेदार, मनोज कसाना, भूपेंद्र गोस्वामी, जितेन्द्र कुमार, किरणपाल मावी, निशा चौहान, अनीता राणा, प्रियंका सोलंकी, सुमन, सती रूपा, मुखर्जी, स्नेहलता श्रीवास्तव, राज जैन आदि उपस्थित रहे।

# जल है तो कल है : पार्षद भूपेंद्र उपाध्याय ने किया गंगा वाटर पाइपलाइन का उद्घाटन



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** मंगलवार को वार्ड 41 झंडापुर गांव में शर्मा गली से लेकर ज्ञानी चौक तक लगभग 290 मीटर की पानी की लाइन डाली जा रही है। जिसका उद्घाटन क्षेत्रीय पार्षद भूपेंद्र उपाध्याय ने किया। उन्होंने बताया कि लाइन डालने के बाद लगभग 5000 लोगों को पीने के पानी की सुविधा का लाभ मिलेगा। इस मौके पर जिसमें होशियार सिंह नागर, अर्जुन शर्मा, राहुल शर्मा, सुमित शर्मा, सोनू शर्मा, हीरामन, मोनू चौहान, विकास शर्मा सहित गांव वासी उपस्थित रहे। इस मौके पर पार्षद भूपेंद्र उपाध्याय ने कहा कि गर्मी में गांव की जनता को पानी के लिए परेशान होना पड़ता था, साथ ही साथ पानी खरीद कर पीते थे। अब लोगों को उससे छुटकारा मिल जाएगा। जनता ने एक स्वर में पार्षद का धन्यवाद किया।

# डॉ. केएन मोदी इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में डीबी आरआरटीएस भर्ती अभियान




**मोदीनगर, करंट क्राइम।** डॉ. केएन मोदी इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी ने कैंपस में ट्रेन ऑपरेटर के पद के लिए डीबी आरआरटीएस ऑपरेशंस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के पूल कैंपस ड्राइव का आयोजन किया। जिसमें 300 से अधिक उम्मीदवारों ने भाग लिया। डीबी आरआरटीएस की भर्ती टीम में श्रीमती सृष्टि जैन, भर्ती प्रमुख, श्री चंद्र यादव, मुख्य सिस्टम एश्योरेंस अधिकारी और कुछ अन्य अधिकारी शामिल थे। विदित हो कि डॉ. केएन मोदी फाउंडेशन के टीपीओ अजय प्रजापति ने बताया कि डॉ. के एन मोदी इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी डीबी आरआरटीएस ऑपरेशंस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड का प्रमुख सहयोगी है, जो ट्रेन ऑपरेटर, स्टेशन कंट्रोलर, अतिरिक्त किराया अधिकारी जैसे विभिन्न पदों के लिए पूल कैंपस आयोजित करता है। डॉ. केएन मोदी इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी ने पिछले एक साल में अब तक 8 ऐसे पूल कैंपस ड्राइव आयोजित किए हैं, जिनमें 2500 से अधिक उम्मीदवारों ने भाग लिया और 300 से अधिक का चयन किया गया। इस अवसर पर फाउंडेशन के प्रशासक मेघराज शर्मा, रजिस्ट्रार यूएन. मिश्रा, कार्यकारी निदेशक प्रो. डॉ. दीपांकर शर्मा, संस्थान के निदेशक प्रो. डॉ. शिशिर रस्तोगी ने इस प्रयास की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त की तथा सफल अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं दीं।

# क्षत्रिय समाज ने मनाई सम्राट पृथ्वीराज चौहान की जयंती



**मोदीनगर, करंट क्राइम।** क्षत्रिय समाज द्वारा सम्राट पृथ्वीराज चौहान की जयंती धूमधाम से मनाई गई। पृथ्वीराज चौहान जयंती के उपलक्ष्य में एक समारोह का आयोजन किया गया, जिसमे सम्राट पृथ्वीराज चौहान की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित किया गया।

वक्ताओं ने सम्राट पृथ्वीराज चौहान के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सम्राट पृथ्वीराज चौहान भारत वर्ष के महान सम्राट थे, वो शब्दभेदी बाण चलाने में निपुण थे। उन्होंने विदेशी आक्रमणकारियों को युद्धभूमि में अनेकों बार परास्त किया। आज के युवाओं को सम्राट पृथ्वीराज चौहान का अनुसरण करना चाहिए, और देश के लिए सब कुछ बलिदान करने के लिए तत्पर रहना चाहिए। पृथ्वीराज चौहान ने 13 वर्ष की उम्र मे अजमेर के राजगढ़ की गद्दी को संभाला। वह अंतिम समय तक देश की रक्षा के लिए लड़ते रहे। ऐसे देश भक्त को कभी भुलाया नहीं जा सकता। कार्यक्रम की अध्यक्षता वाईके सेंगर ने की। वक्ताओं में अरुण तोमर, बलदेव ठाकुर, मुकेश चौहान, सोनू ठाकुर, खुशाल सिंह नेगी पूर्व सैनिक, अनूप ठाकुर ने अपने विचार रखे, देवेंद्र चौहान, रवि राघव, अजय चौहान, रवि कठेरिया, मोनू सोम मनोज चौहान, पवन चौहान, रविकांत ठाकुर, टिंकू ठाकुर, राहुल चौहान, रोहित, देवेंद्र राघव, जितेंद्र ठाकुर, दीपक कठेरिया, ओमेंद्र चौहान , चेतन राघव आदि क्षत्रिय समाज के और भी काफी सदस्य उपस्थित रहे।

# नेहरू वर्ल्ड स्कूल का पहला आईजीसीएसई रिजल्ट 100% के साथ ही हुई शानदार शुरुआत

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नेहरू वर्ल्ड स्कूल, गाजियाबाद का पहला कैम्ब्रिज आईजीसीएसई कक्षा 10 का रिजल्ट आया। 100% पास रिजल्ट के साथ शानदार शुरुआत हुई। मार्च में सम्पन्न हुई परीक्षा में 62% ए-ए * ग्रेड, 97.5% ने ए* - सी ग्रेड रहे। ये परिणाम छात्रों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का नतीजा है। यह स्कूल के लिए बहुत गर्व की बात है और आगे के लिए एक मजबूत शुरुआत भी।

हमारे टॉपर्स : अनवी सभरवाल ने सभी 7 विषयों में ए* ग्रेड पाकर स्कूल टॉपर बनीं। अक्षरा सिंह ने 6 ए* ग्रेड पाकर दूसरा स्थान हासिल किया । गौरी सिंह को 5 ए* ग्रेड के साथ तीसरा स्थान मिला।



7A* ANAVEE SABHERWAL
6A* 1A AKSHARA SINGH
5A* 2A GAURI SINGH



एक्जीक्यूटिव हेड सुसन होम्स ने कहा, हमारे पहले आईजीसीएसई बैच का इतना अच्छा प्रदर्शन देखकर हमें बहुत खुशी हो रही है। यह हमारे छात्रों की मेहनत और हमारे शिक्षकों की लगन का नतीजा है। यह रिजल्ट हमारे स्कूल के उज्ज्वल भविष्य की दिशा दिखाता है।

कैम्ब्रिज आईजीसीएसई एक अंतरराष्ट्रीय स्तर का कोर्स है जिसे दुनिया भर में माना जाता है। नेहरू वर्ल्ड स्कूल की यह पहली उपलब्धि दिखाती है कि स्कूल उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा देने के लिए पूरी तरह तैयार है।

# भाजपा नेता राहुल गोयल के भंडारे में शामिल हुए गणमान्य





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)। भाजपा नेता राहुल गोयल द्वारा आयोजित भंडारे में समाज के गणमान्य लोग उपस्थित रहे। राहुल गोयल द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया था। इस भंडारे में भाजपा के जनप्रतिनिधियों के अलावा समाज के गणमान्य लोग, धर्म गुरू भी पहुंचे। राहुल गोयल ने सभी का आभार व्यक्त किया। भंडारे में पहुंचे लोगों ने भंडारे का वितरण भी किया।**




## जिसकी नहीं है चर्चा उस नाम का खुल सकता है महामंत्री वाला पर्चा

गांव जब बसेगा, तब बस जायेगा। लेकिन जुलाओं में लट्ठम- लट्ठा हो रही है। फूल वालों के यहां एक दूसरे की जड़ों में मट्ठा देने का काम चल रहा है। सबसे ज्यादा जोर इस बात पर नहीं है कि मेरा नाम आ जाये। बल्कि पूरा जोर इस बात पर लगाया जा रहा है कि फलाने का नाम ना आ जाये। कहानी में एक नया मोड़ आ गया है और सुना है कि जिस नाम का चर्चा हो रहा था उस नाम का पर्चा होल्ड होने वाला सीन बन रहा है। यहां नाम तो हर बार की तरह चौहान का भी है। रजापुर वाले बाल्मिकी का भी है और वसुंधरा वाले संत भी हैं। मगर कहानी का ये अंत नहीं है और ऊपर बता दिया गया है कि हर बार चौहान ठीक नहीं और संत जब राष्ट्रीय कार्यकारिणी में है तो उनकी महानगर वाली इच्छाओं का अंत क्यों नहीं होता। लाईन पार वाले तो लहर में मौहल्ला चुनाव हार गये तो उन पर कृपा किस बात की। बताया जाता है कि अब दलित वाले कोटे से जो नाम फलित होने की चर्चा चल रही है वो नाम वेदों से प्रकाश में आया है और यह जाटव समाज का नाम है। सुना है बनाने वाले नाने पर लगे हैं और बिगाड़ने वाले बिगाड़ने पर लगे हैं। हिस्ट्री खंगाल ली गई है और बताया जा रहा है कि ये वाले भगवा दलित तो बिल्डर हैं और वैसे भी नये आये हैं। मगर फूल वाले बता रहे हैं जिस नाम की चर्चा अभी तक नहीं थी उस नाम का महामंत्री वाला पर्चा खुल भी सकता है। आप देखते रहिये।

## एक हफ्ते के हैं प्रवासी, मगर महानगर वाले ही देंगे आशीर्वाद वाली शाबाशी

फूल वालों के यहां इन दिनों सियासी फैशन हर चीज को ईवेंट बनाने का चल रहा है। बूथ अध्यक्ष बने तो मौहल्ले में ढोल बजा, घर के बाहर नेम प्लेट लगी। अब मंडल वाली टीम बननी है तो सीन पूरे गाजे बाजे का है। मंडल के महानगर प्रवासी अलग और जिले के प्रवासी अलग, हर मंडल के प्रवासी अलग। और फिर प्रवासियों के पीछे भागती फूल वालों की एक भीड़ अलग। मगर जो गेम के खिलाड़ी हैं वो जानते हैं कि मंडल वाले प्रवासी का वीजा एक हफ्ते का ही है। कोई उनसे पद मांगने की गलतफहमी ना पाले। पता चला है कि नखरे उधर से भी कम नहीं दिखाये गये हैं। वहां भी कह दिया गया कि अगर आप उनकी लिस्ट के हो तो उनसे मेरे को फोन कराओ। मंडल अध्यक्ष ने कह दिया कि एक हफ्ते में मंडल से नाम आयेंगे। सीन ये है कि मंडल वाली टीम ने वार्ड के पार्षद के नाम अलग हैं, विधायक जी के नाम अलग हैं और सुना है एक दो नाम सांसद जी के भी आयेंगे। कहानी का ट्विस्ट ये है कि पॉवरफुल योद्धा ने कह दिया है कि कहीं भी घूम लो, फाईनल तो नेहरूनगर वाले दफ्तर से होना है और ये भी सामुहिक होना है। महानगर प्रभारी एक नाम बतायेंगे, अध्यक्ष का नाम आयेगा। मंडल अध्यक्षों की लिस्ट आयेगी। पुराने भाजपाई ने कहा कि मंडल के लिए ऐसा दंगल पहली बार देख रहे हैं।

## ये हुआ है विकास, जब पार्षद के आगे ठेले वाले जोड़ रहे हैं हाथ

100 मौहल्लों में लहर का कहर अब पूरा शहर झेल रहा है। गली मौहल्ले से लेकर बाजार तक से आखिर क्यों ये ऊगाही की आवाजें सुनाई दे रही है। ऐसा क्या है कि ठेले वाले पटरी वाले पार्षद के हाथ जोड रहे है। अगर यही सबका साथ सबका विकास है तो फिर ऐसे साथ से तो हाथ जोड लेना ही ठीक। किस्सा पुल के नीचे खड़े भगवा पार्षद का है। वो फिल्मी स्टाईल में आकर खडे हुए और सबसे पहले पान वाले ने उन्हें पान पेश किया और हाथ जोडे। फिर ठेले वाले ने पेय पदार्थ दिया, जिसे पार्षद जी ने रिजैक्ट कर दिया। हद तो तब हो गई जब ठेली पर समान बेचने वाली महिला हाथ जोड़ते हुए पार्षद के सामने आई। पता चला कि ये सीन कोई जनसुनवाई का नहीं है, बल्कि ये सीन वार्ड की उगाही का है। पार्षद जी से बैर का मतलब है कि यहां ठिया विलोपित हो जायेगा और बुल्डोजर चल जायेगा। अगर पार्षद जी से मेल मिलाप रखोगे और उनका ध्यान रखोगे तो फिर वो तुम्हारा ध्यान रखेंगे। क्योंकि उनकी नीति है कि सबका और सबका विकास।




## बोया देहात ने झेला सिटी वालों ने

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में मंगलवार को लाइन में मामला अमंगल वाला होते होते आखिरकार बच ही गया। दरअसल मंगलवार को पुलिस लाइन का कभी जो खास कार्यालय था, उसके बाहर धरना प्रदर्शन शुरु हुआ। धरना-प्रदर्शन में कुछ खास चेहरों के होने की सूचना जैसे ही पुलिस वालों से लेकर खुफिया वालों को मिली, तो मामला पूरा अटेंशन वाला हो गया। वहीं जिसने भी यहां सीन देखा वहां सिटी वाले टेंशन ले रहे थे, तो यह टेंशन देहात वालों की पैदा की हुई बताई जा रही थी। उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में इससे पहले भी देहात जोन के कई ऐसे मामले फंसे हैं कि सिटी वाली पुलिस के लिए सिर दर्द बनता हैं। तो वहीं पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में मंगलवार को भी नजारा ऐसा ही था। पुलिस वाली लाइन में देहात के एक थाने की पुलिस के खिलाफ नारेबाजी हो रही थी। तो वहां के थानाध्यक्ष कभी इधर तो कभी उधर दौड़ भाग कर रहे थे। सिटी वाले सिंह इस किंग मामले को संभालने में जुटे हुए थे। पर जो धरने पर बैठे थे, उनका और एसीपी का पहले भी कई बार फुल वाला आमना सामना हुआ है। कुल मिलाकर लगातार पुलिस और धरना-प्रदर्शन कर रहे समाज वाले आमने-सामने नहीं आए पर ताकत का भरपूर एहसास कराया गया है। मंगलवार को इस धरने में पूर्व एसीपी साहब के नाम की भी चर्चा खूब रही, जो पहले यहां लंबी पारी खेल कर गए हैं। उनके समय के आंदोलन और प्रदर्शन आसानी से सिमट और निपट जाते थे। पर मंगल वाला सीन थोड़ा टेंशन वाला रहा। हालांकि बाद में इलाके वाली एसीपी मैडम ने स्थिति को काफी कंट्रोल करवाया। उनके थानाध्यक्ष से सभी की नाराजगी थी, पर उनकी वर्किंग की समाज वाले तारीफ कर गए हैं। कुल मिलाकर इस लाइन वाले धरना- प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में समाज वालों ने ताकत का एहसास कराया है। इसमें पक्ष वालों से लेकर विपक्ष वाले और भगवा वालों से लेकर हिंदू वाहिनी वाले भी नजर आ रहे थे। कुल मिलाकर चेहरे उनको भी तलाश रहे थे, जो बड़े प्रतिनिधित्व करते हैं, पर मामला कुछ घंटे में सोल्व हो गया। हालांकि हैरानी वाली बात यह है कि ना तो सिटी वाले साहब ही मौके पर नजर आए और ना कि वह अधिकारी जो कमिश्नरेट में हायर रैंकिंग वाले माने जाते हैं। कुल मिलाकर कहा जाए तो मंगल को मामला शांत हो गया वरना कमिश्नरेट वाले सिस्टम में टेंपरेचर और बढ़ सकता था।



# नन्दकिशोर गुर्जर ने इलेक्ट्रिक एसी बस सेवा का किया शुभारंभ

## विधायक ने बस चालकों और परिचालकों को लड्डू खिलाकर शुभकामनाएं दीं



**लोनी, करंट क्राइम।** जनता की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा करते हुए आज लोनी के इंदिरापुरी से दिल्ली के शाहदरा टर्मिनल तक इलेक्ट्रिक बस सेवा की इंदिरापुरी 2 नम्बर से औपचारिक शुरूआत की गई। इस नई सार्वजनिक परिवहन सेवा का शुभारंभ स्थानीय विधायक श्री नन्दकिशोर गुर्जर ने नारियल फोड़कर विधिवत रूप से किया। विधायक ने बस चालकों और परिचालकों को लड्डू खिलाकर शुभकामनाएं दी। इस दौरान विधायक नन्दकिशोर गुर्जर ने दिल्ली मुख्यमंत्री का धन्यवाद व्यक्त किया।

शुभारंभ के दौरान विधायक नन्दकिशोर गुर्जर ने कहा लोनी क्षेत्र के हजारों लोग प्रतिदिन दिल्ली आते-जाते हैं, लेकिन उन्हें सुगम और प्रदूषण रहित परिवहन सेवा की कमी खलती थी। पूर्व में इस रूट पर बसें चलती थी लेकिन केजरीवाल सरकार ने इसे बंद कर दिया था। यह ऐतिहासिक फैसला है। दिल्ली में सरकार बदली जनता की इसी पुरानी मांग को देखते हुए हमने लगातार प्रयास किए और आज वह सपना साकार हुआ है। इस रूट पर पांच बसें स्वीकृत हुई है इसके लिए मैं दिल्ली की मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता जी का हृदय से आभार प्रकट करता हूँ, जिन्होंने इस रूट पर पुनः बस सेवा बहाली की स्वीकृति दी। विधायक ने बताया कि यह सेवा न केवल दिल्ली-लोनी के बीच यात्रा को आसान बनाएगी, बल्कि प्रदूषण रहित परिवहन को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम भी है। इलेक्ट्रिक बसें पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ आम जनता को किफायती और सुरक्षित यात्रा का विकल्प प्रदान करेंगी।

इस मौके पर लोनी नगरपालिका परिषद के सभासद दल अध्यक्ष रोहित भारद्वाज, सभासद, विनीता सिंह, सभासद सतेंद्र बंसल, सभासद रूपेंद्र चौधरी, सभासद अमित तोमर, मंडल अध्यक्ष अश्विनी कुमार, मंडल अध्यक्ष जितेंद्र गुप्ता, निर्वतमान मंडल अध्यक्ष कृष्ण बंसल, पूर्व सभासद सतीश जैन, जिला संयोजक राजकुमार मास्टर, जिला संयोजक अनुसूचित मोर्चा प्रदीप गहलोत, जिला उपाध्यक्ष किसान मोर्चा ललित शर्मा, जिला बाल कल्याण बोर्ड सदस्य कौमुदी चौधरी, जिलाध्यक्ष भाजपा महिला मोर्चा आरती मिश्रा, भाजपा नेता राजबीर प्रजापति, सतीश पांचाल, भाजपा नेता भावना बिष्ट, राजीव पहिवाल, परवीन शर्मा, भाजपा नेता वरुण धामा, मोहित सैन, सामाजिक कार्यकर्ता, आरडब्ल्यूए प्रतिनिधि, और बड़ी संख्या में स्थानीय निवासी उपस्थित रहे।

### शकलपुरा गांव में सड़क निर्माण का लोनी विधायक नन्दकिशोर और ब्लॉक प्रमुख वंदना कोमल गुर्जर ने किया शुभारंभ



करंट क्राइम। वहीं दूसरी तरफ विधायक नन्दकिशोर गुर्जर ने बस सेवा का शुभारंभ से पूर्व ग्राम शकलपुरा में 13 लाख से अधिक की लागत से खण्ड विका निधि से निर्मित होने वाली सड़क निर्माण का शुभारंभ किया। इन दौरान ब्लॉक प्रमुख वंदना कोमल गुर्जर ने कहा कि प्रदेश सरकार एवं स्थानीय लोकप्रिय विधायक नन्दकिशोर गुर्जर जी की मंशा के अनुरूप ब्लॉक देहात के सर्वांगीण विकास के लिए समर्पित है और लगातार लोनी देहात के क्षेत्र के लिए हम कार्य कर रहे है। वहीं लोनी विधायक नन्दकिशोर गुर्जर ने कहा लगातार ब्लॉक ग्रामीण क्षेत्र में कार्य रहा है जिसके नतीजे भी सामने है, ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन सुगम हुआ है।

# रानी अहिल्याबाई होलकर का जीवन नारी शक्ति का अद्भुत उदाहरण : मयंक गोयल



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** रानी अहिल्याबाई होलकर जयंती के पावन अवसर पर इंग्राहम इंटर कॉलेज, राजनगर में एक भव्य एवं गरिमामयी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विविध सांस्कृतिक एवं साहित्यिक प्रतियोगिताओं के माध्यम से छात्र-छात्राओं की रचनात्मक प्रतिभा को मंच प्रदान किया गया और सामाजिक जागरूकता को प्रोत्साहन मिला।



कार्यक्रम की शुरुआत रानी अहिल्याबाई होलकर के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल, उप प्राचार्य नवल मैसी एवं प्रतिभा गोस्वामी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

विशिष्ट अतिथियों में संपर्क अधिकारी अनिल बी. सिंह, भाजपा मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी, एवं कार्यक्रम संयोजक के रूप में भाजपा इंद्रापुरम मंडल के पूर्व अध्यक्ष हरमीत बक्शी, पवन कुमार यादव एवं बबीता सिंह की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी अतिथियों ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए प्रेरक विचार साझा किए। कार्यक्रम में रानी अहिल्याबाई होलकर के जीवन एवं कार्यों पर प्रकाश डालते हुए अलका मसीह ने प्रेरणादायक वक्तव्य प्रस्तुत किया। सभी श्रेणी के प्रतियोगियों को पुरस्कृत किया गया।

भारतीय जनता पार्टी महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने कहा, रानी अहिल्याबाई होलकर का जीवन भारतीय नारी शक्ति का अद्भुत उदाहरण है। उनके त्याग, सेवा और शासन कौशल से आज की पीढ़ी को प्रेरणा लेनी चाहिए। प्रधानाचार्य राजीव मैसी ने कहा, हमारा उद्देश्य केवल शैक्षणिक विकास नहीं बल्कि छात्रों में नैतिकता, नेतृत्व और सामाजिक सरोकारों की भावना जागृत करना भी है। कार्यक्रम का संचालन सुचारु रूप से सम्पन्न हुआ एवं समापन के अवसर पर भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल द्वारा सभी विजेताओं को प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।

# गाजियाबाद में बिजली कर्मचारियों की हड़ताल फेल

## सभी संविदा कर्मचारी काम पर, बिजली आपूर्ति सामान्य

गाजियाबाद करंट क्राइम। उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन के संविदा कर्मचारियों द्वारा घोषित 72 घंटे की हड़ताल का गाजियाबाद में कोई प्रभाव नहीं पड़ा है। सभी संविदा कर्मचारी नियमित रूप से काम कर रहे हैं और बिजली आपूर्ति सुचारू रूप से जारी है। गाजियाबाद के चीफ इंजीनियर अशोक कुमार ने बताया कि किसी भी कर्मचारी ने हड़ताल या कार्य बहिष्कार में भाग नहीं लिया है। प्रशासन ने पहले से ही सतर्कता बरतते हुए जिला प्रशासन के साथ मिलकर एक बैकअप योजना तैयार कर रखी थी। आउटसोर्सिंग एजेंसियों को पहले ही नोटिस जारी कर दिया गया था। इसमें स्पष्ट किया गया था कि हड़ताल या कार्य बहिष्कार में शामिल होने वाले कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। विद्युत वितरण एक अनिवार्य सेवा है, इसलिए इसकी निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करना प्रशासन की प्राथमिकता रही।

# अमेरिका ने दी इस्राइल को बीच मझधार में छोड़ने की धमकी, अमेरिकी अधिकारी ने बताई सच्चाई

**इस्राइल और हमास के बीच चल रहे युद्ध को लेकर अब अंतरराष्ट्रीय दबाव तेजी से बढ़ रहा है। बढ़ते वैश्विक दबाव के बीच इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने सोमवार को कहा कि यदि बचे हुए बंधकों को रिहा कर दिया जाए और हमास हथियार छोड़ दे**

**वॉशिंगटन ।** तो वह युद्ध समाप्त करने को तैयार हैं। नेतन्याहू का यह बयान ऐसे समय आया है जब अमेरिका समेत कई करीबी सहयोगी देशों ने गाजा में जारी सैन्य कार्रवाई और वहां भूखमरी की स्थिति पर गहरी चिंता जताई है।

**अमेरिका से चेतावनीः 'युद्ध खत्म करो, नहीं तो समर्थन वापस'** : वॉशिंगटन पोस्ट की एक रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रतिनिधियों ने इस्राइल को चेताया है कि यदि युद्ध नहीं रोका गया, तो अमेरिका अपना समर्थन वापस ले सकता है। रिपोर्ट के अनुसार, एक सूत्र ने बताया, ट्रंप के लोग इस्राइल को बता रहे हैं- अगर आपने युद्ध नहीं रोका, तो हम आपको छोड़ (समर्थन देने से इनकार) देंगे।'

हाल ही में अमेरिकी-इस्राइली सैनिक एडन अलेक्जेंडर की रिहाई भी



अमेरिका और हमास के बीच सीधे बातचीत के बाद हुई, जिसमें इस्राइल शामिल नहीं था। इसके बाद व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने कहा, 'राष्ट्रपति चाहते हैं कि गाजा का युद्ध अब समाप्त हो।' वहीं ट्रंप ने अपनी पश्चिम एशिया की यात्रा के दौरान भी कहा, 'गाजा में लोग भूख से मर रहे हैं। बहुत भयानक हालात हैं। मैंने अप्रैल में नेतन्याहू से कहा था कि गाजा में खाने और दवाइयों की आपूर्ति बढ़ाई जाए।'

अमेरिकी अधिकारी ने रिपोर्ट को बताया झूठा' हालांकि इस्राइली मीडिया में द वॉशिंगटन पोस्ट की रिपोर्ट पर संदेह जताया गया है। टाइम्स ऑफ इस्राइल से बातचीत में एक अमेरिकी अधिकारी ने कहा, 'हमें यरुशलम से कई मामलों में मतभेद हो सकते हैं, लेकिन इस्राइल को छोड़ने की बात बिल्कुल गलत है।' अधिकारी ने यह भी कहा कि अमेरिकी-इस्राइली सैनिक की रिहाई किसी 'गुप्त सौदे' का हिस्सा नहीं थी, बल्कि यह हमास की ओर से अच्छे इरादे की पहल थी। अमेरिका के इस्राइल में राजदूत माइक हकाबी ने भी द वॉशिंगटन पोस्ट की रिपोर्ट को निराधार बताते हुए कहा, उन्हें राष्ट्रपति की बात सुननी चाहिए, ना कि किसी अनजान सूत्र की।' ब्रिटेन, फ्रांस और कनाडा ने भी इस्राइल को चेताया ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने भी सोमवार को इस्राइल की आलोचना की और संयुक्त बयान में चेतावनी दी कि अगर सैन्य कार्रवाई नहीं रुकी और मानवीय मदद की अनुमति नहीं दी गई, तो कड़े कदम उठाए जाएंगे। इन नेताओं ने नेतन्याहू सरकार के कुछ मंत्रियों की ओर से दिए गए।

# ताइवान: रेड लाइट पार करने की लापरवाही पड़ी भारी, बेकाबू कार ने लोगों को रौंदा, तीन की मौत

**वॉशिंगटन ।** ताइवान में एक बेकाबू कार ने पैदल लोगों को रौंद दिया। इस हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में 12 साल की एक बच्ची भी शामिल है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, आरोपी (78 वर्षीय) कार चालक हादसे के बाद से कोमा में है। हादसे में पांच लोग गंभीर रूप से घायल हैं, जिनका अस्पताल में इलाज चल रहा है।




पुलिस ने बताया कि एक चौराहे के ट्रैफिक पर रेड लाइट थी, लेकिन इसके बावजूद आरोपी ड्राइवर ने रेड लाइट को अनदेखा कर कार दौड़ा दी। इस दौरान कार ने तीन स्कूटर और एक साइकिल सवार को टक्कर मारी। इसके बाद कार डिवाइडर को टक्कर मारकर रुकी। घटना राजधानी ताइपे में हुई। घटना के वीडियो भी सामने आए हैं, जिनमें घायल सड़क पर तड़पते दिख रहे हैं। कुछ लोग उन्हें सीपीआर देने की कोशिश कर रहे हैं। वीडियो में चौराहे पर मलबा बिखरा हुआ दिखाई दे रहा है।

मृतकों में एक 40 वर्षीय महिला और जूनियर हाई स्कूल के दो छात्र शामिल हैं। ये तीनों पास के एक हाई स्कूल से थे। घटना में 12 अन्य लोग घायल भी हुए हैं। घायलों में उसी स्कूल के सात छात्र शामिल हैं। हादसे में आरोपी कार चालक समेत पांच लोग गंभीर रूप से घायल हैं, जिनका अस्पताल में इलाज चल रहा है। जांच में पता चला है कि हादसे के समय ड्राइवर ने शराब नहीं पी हुई थी। पुलिस हादसे के अन्य कारणों की जांच कर रही है।

# वैश्विक आपदा की रोकथाम के लिए समझौता, विश्व स्वास्थ्य संगठन के सदस्य देशों ने पक्ष में किया मतदान

**जेनेवा ।** विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्लूएचओ) के सदस्य देशों ने वैश्विक महामारी समझौते के पक्ष में मतदान किया। इस समझौते का मकसद भविष्य में किसी भी महामारी को रोकना है। इस समझौते पर आज डब्लूएचओ की बैठक में चर्चा होगी। डब्लूएचओ ने बताया कि बैठक के बाद विभिन्न देशों के राष्ट्राध्यक्ष बयान जारी करेंगे।

महामारी को रोकना उद्देश्य कोरोना महामारी के दौरान इस आपदा समझौते की शुरूआत की गई थी और इसकी मंजूरी देने से पहले तीन साल से अधिक समय तक इसे अपनाने की प्रक्रिया चली। इस समझौते में महामारी की रोकथाम के लिए जो कमियां हैं, उन्हें दूर करने पर बात हुई। डब्लूएचओ ने बयान में कहा कि 'इस महत्वपूर्ण समझौते को डब्ल्यूएचओ संविधान के अनुच्छेद 19 के तहत अपनाया गया। इसका उद्देश्य देशों, डब्ल्यूएचओ जैसे



अंतरराष्ट्रीय संगठनों, नागरिक समाज, निजी क्षेत्र और अन्य हितधारकों के बीच मजबूत सहयोग को बढ़ावा देना है ताकि महामारी को रोका जा सके और भविष्य में महामारी संकट की स्थिति में बेहतर तरीके से निपटा जा सके।

विश्व स्वास्थ्य संगठन के महानिदेशक डॉ. टेड्रोस गैब्रेसियस ने कहा, 'दुनिया भर की सरकारें अपने देशों और वैश्विक समुदाय को महामारी के खतरों से सुरक्षित बना रही हैं। मैं विश्व स्वास्थ्य संगठन के सदस्य देशों को कोविड-19 के बाद भविष्य की महामारियों से दुनिया को बेहतर तरीके से बचाने के लिए एक साथ आने का संकल्प लेने के लिए बधाई देता हूं। इस वैश्विक समझौते को विकसित करने के लिए उनका काम यह सुनिश्चित करेगा कि देश अगली महामारी के खतरे को रोकने और उसका जवाब देने के लिए बेहतर, तेज और अधिक समान रूप से एक साथ काम करें।'

# अंतरराष्ट्रीय दबाव के बीच गाजा में तबाही मचा रहे इस्राइली सैनिक, ताजा हमले में 60 लोगों की मौत

**इस्राइल की तरफ से गाजा पट्टी में हवाई हमला लगातार जारी है। फलस्तीनी स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार, रात भर और मंगलवार तक गाजा पट्टी में इस्राइली हमलों में कम से कम 60 लोग मारे गए हैं**

**दीर अल बलाह ।** इस्राइल ने हाल के दिनों में इस क्षेत्र में एक और बड़ा हमला किया है, जिसमें कहा गया है कि इसका उद्देश्य हमास की तरफ से बंधक बनाए गए दर्जनों लोगों को वापस लाना और आतंकवादी समूह को नष्ट करना है।

उत्तरी गाजा में 22, दीर अल-बलाह में 13, खान यूनिस में 10 की मौत मामले में गाजा स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, उत्तरी गाजा में दो हमलों में एक परिवार के घर और एक स्कूल को निशाना बनाया गया, जिसमें कम से कम 22 लोग मारे गए, जिनमें से आधे से ज्यादा महिलाएं और बच्चे थे। वहीं अल-अक्सा शहीद अस्पताल के अनुसार, केंद्रीय शहर दीर अल-बलाह में एक हमले में 13



लोग मारे गए, और पास के नुसेरात शरणार्थी शिविर में एक और हमले में 15 लोग मारे गए। जबकि नासेर अस्पताल के अनुसार, दक्षिणी शहर खान यूनिस में दो हमलों में 10 लोग मारे गए। फिलहाल, इस्राइली सेना की ओर से तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की गई, जिसका कहना है कि वह केवल आतंकवादियों को निशाना बनाती है और नागरिकों की मौतों के लिए हमास को दोषी ठहराती है क्योंकि यह समूह घनी आबादी वाले क्षेत्रों में काम करता है। **उत्तरी गाजा में 22, दीर अल-बलाह में 13, खान यूनिस में 10 की मौत** : मामले में गाजा स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, उत्तरी गाजा में दो हमलों में एक परिवार के घर और एक स्कूल को निशाना बनाया गया। जिसमें कम से कम 22 लोग मारे गए, जिनमें से आधे से ज्यादा महिलाएं और बच्चे थे। वहीं अल-अक्सा शहीद अस्पताल के अनुसार, केंद्रीय शहर दीर अल-बलाह में एक हमले में 13 लोग मारे गए।

# पाकिस्तानी सेना की एक और करतूत, अपने ही लोगों पर ड्रोन हमले का शक, चार बच्चों की मौत

**इस्लामाबाद ।** पाकिस्तानी सेना की एक और करतूत सामने आई है। दरअसल पाकिस्तानी सेना पर आरोप लगा है कि उसने अपने ही लोगों पर ड्रोन हमला कर दिया। इस हमले में चार बच्चों की जान चली गई है। ड्रोन हमला पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा इलाके में हुआ। जिसके बाद हजारों की संख्या में लोग सड़कों पर उतर आए और उन्होंने न्याय की मांग की। इस हमले का शक पाकिस्तानी सेना पर जताया जा रहा है।

## लोगों ने दी बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन की धमकी

पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा राज्य का नॉर्थवेस्ट इलाका पाकिस्तानी तालिबान का गढ़ माना जाता है। अभी यह स्पष्ट नहीं है कि नॉर्थवेस्ट के मीर



अली इलाके में यह ड्रोन हमला किसने किया। अभी तक घटना को लेकर पाकिस्तान की सेना ने भी कोई बयान जारी नहीं किया है। एक स्थानीय नेता ने विरोध प्रदर्शन के दौरान कहा कि 'हम किसी पर आरोप नहीं लगा रहे हैं, लेकिन हमें न्याय चाहिए। सरकार को हमें ये बताना चाहिए कि किसने हमारे बच्चों को मारा।' प्रदर्शनकारियों ने मृतक बच्चों के शव सड़क पर रखकर विरोध प्रदर्शन किया। स्थानीय नेताओं ने धमकी देते हुए कहा कि अभी यह विरोध प्रदर्शन सीमित इलाके में हो रहा है, लेकिन अगर सरकार ने जवाब नहीं दिया तो यह बड़े पैमाने पर फैल सकता है। जब तक हमारे बेगुनाह बच्चों की हत्या के जिम्मेदारों के बारे में नहीं बताया जाता, तब तक हम शवों को नहीं दफनाएंगे। विरोध प्रदर्शन के दौरान लोगों ने हमें न्याय चाहिए के नारे लगाए।

इस ड्रोन हमले का शक पाकिस्तानी सेना पर इसलिए किया जा रहा है क्योंकि पाकिस्तानी सेना पाकिस्तान तालिबान के खिलाफ कार्रवाई कर रही है। मीर अली इलाका पाकिस्तानी तालिबान का गढ़ है। पाकिस्तान तालिबान के लड़ाके अक्सर पाकिस्तानी सेना को निशाना बनाते रहते हैं। ऐसे में आशंका जताई जा रही है कि पाकिस्तानी सेना ने पाकिस्तानी तालिबान को निशाना बनाया, जिसकी जद में बेगुनाह लोग आ गए। स्थानीय मंत्री ने हमले की निंदा की और कहा कि इसकी जांच चल रही है।

# इंडियाना में पुलिस अधिकारी की हत्या के दोषी व्यक्ति को मौत की सजा, घातक इंजेक्शन लगाकर दिया गया मृत्युदंड

**मिशिगन सिटी ।** अमेरिका के इंडियाना राज्य में एक व्यक्ति को वर्ष 2000 में एक पुलिस अफसर की हत्या के मामले में मौत की सजा दी गई है। यह पिछले 15 सालों में इस राज्य में दी गई दूसरी मौत की सजा है। जानकारी के मुताबिक, घटना के दौरान आरोपी बेंजामिन रिची और उसके साथियों ने इंडियाना के बीच ग्रोव शहर में एक कार चुराई थी। जब पुलिस अधिकारी टोनी ने रिची का पीछा किया, तब रिची ने उन पर चार गोलियां चलाईं, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

## 24 साल पुराने मामले में मौत की सजा

बता दें कि, 45 वर्षीय बेंजामिन रिची को साल 2002 में पुलिस अधिकारी बिल टोनी की हत्या के जुर्म में सजा सुनाई गई थी। बिल टोनी बीस



ग्रोव पुलिस विभाग में काम करते थे और 31 साल के थे। वह दो बच्चों के पिता थे। जेल में 22 साल के बाद मृत्युदंड इस घटना के बाद 22 साल बाद आरोपी बेंजामिन रिची को इंडियाना के मिशिगन सिटी में स्थित राज्य कारागार में मंगलवार आधी रात के बाद घातक इंजेक्शन लगाकर मृत्युदंड दिया गया। रात 12:46 बजे उसे मृत घोषित किया गया। वहीं मौत की सजा से पहले आरोपी रिची ने पैरोल बोर्ड (रिहाई बोर्ड) से कहा, 'मैंने अपनी और दूसरों की जिंदगियां बर्बाद कर दीं। उस रात के लिए मैं बेहद शर्मिंदा हूं। काश मैं अपने उस 20 साल के खुद को रोक पाता, जो किसी की सुनता ही नहीं था।'

मानसिक बीमारी और बचपन की समस्याएं मृत्युदंड से पहले रिची के वकीलों ने कोर्ट में यह दलील दी कि वह बचपन से मानसिक बीमारियों से पीड़ित था। उसकी मां ने गर्भावस्था के दौरान शराब और नशे का सेवन किया। रिची को फीटल अल्कोहल स्पेक्ट्रम डिसऑर्डर (एफएएसडी) और बचपन में सीसे के जहर का सामना करना पड़ा था। साल 2005 में उसे बाइपोलर डिसऑर्डर (मिजाज बदलने की बीमारी) का भी इलाज हुआ था।

रिची के वकीलों ने उसकी सजा माफ करने की अपील की थी। लेकिन इंडियाना के नए रिपब्लिकन गवर्नर माइक ब्रौन ने इसे ठुकरा दिया। पैरोल बोर्ड ने बताया कि जेल में रहते हुए रिची ने कई बार हिंसा की धमकियां दीं और अनुशासन तोड़ा।

# नीदरलैंड दौरे पर विदेश मंत्री एस जयशंकर, आतंकवाद के खिलाफ समर्थन के लिए जताया आभार

**हेग ।** भारतीय विदेश मंत्री डॉ. एस.जयशंकर ने अपने नीदरलैंड दौरे पर सोमवार को वहां के विदेश मंत्री कैस्पर वेल्दकैंप से मुलाकात की। इस मुलाकात में विदेश मंत्री ने पहलगाम आतंकी हमले पर नीदरलैंड के समर्थन के लिए आभार जताया। विदेश मंत्री ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में नीदरलैंड सरकार की मेहमाननवाजी की भी तारीफ की। उन्होंने बताया कि नीदरलैंड के विदेश मंत्री के साथ बातचीत में द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने और वैश्विक मुद्दों पर सहयोग को लेकर चर्चा हुई।

## हेग में भारतीय समुदाय से भी मिले विदेश मंत्री

भारतीय विदेश मंत्री ने नीदरलैंड के रक्षा मंत्री रुबेन ब्रकेलमैंस से भी मुलाकात की और दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग पर चर्चा की। विदेश मंत्री जयशंकर ने हेग में भारतीय मूल के लोगों भी मुलाकात की और उनसे भारत और नीदरलैंड के संबंधों को



मजबूत करने में योगदान देने की अपील की। डॉ. जयशंकर सोमवार को ही नीदरलैंड पहुंचे। 19 मई से लेकर 24 मई तक भारतीय विदेश मंत्री विदेश दौरे पर हैं। इस दौरान वे नीदरलैंड, डेनमार्क और जर्मनी की यात्रा करेंगे।

**पहलगाम आतंकी हमले के बाद इन देशों ने भी किया था भारत का समर्थन** : गौरतलब है कि इन तीनों ही देशों ने 22 अप्रैल को जम्मू कश्मीर में हुए पहलगाम आतंकी हमले की निंदा की थी और आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत का समर्थन किया था। डेनमार्क के प्रधानमंत्री मेट फ्रेडरिकसन ने भारत का समर्थन करते हुए आतंकवाद की निंदा की थी। साथ ही उन्होंने आतंकी हमले के पीड़ितों के प्रति संवेदना भी व्यक्त की थी। भारत और नीदरलैंड के बीच 75 साल पुराने कूटनीतिक संबंध हैं। भारतीय विदेश मंत्रालय के अनुसार, दोनों देशों के बीच मजबूत राजनीतिक, आर्थिक और वाणिज्यिक संबंध हैं।

# बीएलए ने जारी किया ट्रेन अपहरण: खोली पाकिस्तान की पोल, सेना ने बलूचों को लेकर किया था ये दावा

**बोलन दर्रा।** बलोच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) की मीडिया शाखा हक्कल ने अपने हालिया ऑपरेशन कोडनेम दर्रा-ए-बोलन 2.0 का 35 मिनट का वीडियो जारी किया है। इसमें बीएलए के लड़ाकों ने बलूचिस्तान में जाफर एक्सप्रेस ट्रेन के अपहरण की घटना को दिखाया है। उसने हमले के वक्त पाकिस्तान के उसके नियंत्रण को कम आंकने के दावे का भी पुरजोर खंडन किया।

इस वीडियो फुटेज में बीएलए के लड़ाके महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को अपहरण स्थल से सुरक्षित तरीके से दूर ले जा रहे हैं। यह फुटेज अपहरण के इस वाकये को क्रूर करार देने वाले पाकिस्तानी सेना के बयानों का खंडन करता है। वीडियो में बीएलए के लड़ाके ने इस हमले के पीछे की मंशा बताते हुए कहा, हमारा संघर्ष और युद्ध ऐसे बिंदु पर आ गया है, जहां हमें ऐसे अहम फैसले लेने हैं। हमारे युवा ऐसे कदम उठाने के लिए तैयार हैं, क्योंकि वे जानते हैं कि ऐसे फैसलों के अलावा



कोई और विकल्प नहीं बचा है। बंदूक को रोकने के लिए बंदूक की जरूरत होती है। पाकिस्तानी सेना के प्रवक्ता के बयानों के बीएलए को भारी क्षति के दावे के उलट समूह ने अपनी फिदायीन इकाई मजीद ब्रिगेड के नाम, तस्वीरें और विदाई संदेश दिखाए।

गौरतलब है कि बीते 11 मार्च को बलूचिस्तान के बोलन जिले में जाफर एक्सप्रेस पर घात लगाकर हमला किया था। प्रतिबंधित अलगाववादी संगठन बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) के लड़ाकों ने 440 यात्रियों वाली ट्रेन को अगवा कर लिया था। इस घटना में 18 सुरक्षाकर्मियों सहित 26 बंधकों की हत्या कर दी गई थी। सेना ने अगले दिन सभी 33 बलूच लड़ाकों को मार गिराने के साथ-साथ 354 बंधकों को छुड़ाने का दावा किया। इस घटना के बाद से बलूचिस्तान में कई हमले हो चुके हैं। हाईजैक के दो सप्ताह बाद शुरू हुआ था जाफर एक्सप्रेस का परिचालन वहीं, पाकिस्तान में ट्रेन हाईजैक के करीब दो हफ्ते बाद जाफर एक्सप्रेस का परिचालन कड़ी सुरक्षा के बीच फिर से शुरू किया गया था।

# यूरोपीय संघ ने रूस पर नए प्रतिबंध लगाने पर दी सहमति, 200 जहाजों का शेडो बेड़ा निशाना



**ब्रसेल्स ।** यूरोपीय संघ (ईयू) ने मंगलवार को रूस पर नए प्रतिबंध लगाने का फैसला किया है। इसका मकसद रूस के 200 जहाजों के उस बेड़े को निशाना बनाना है, जो पश्चिम की ओर से लगाए प्रतिबंधों से बचकर अवैध रूप से तेल और गैस का परिवहन कर रहा है। यह प्रतिबंध यूक्रेन युद्ध को लेकर लगाए गए थे।

ईयू ने कुल 189 जहाजों को निशाना बनाया और कई रूसी अधिकारियों व कंपनियों पर संपत्ति जब्त करने और यात्रा प्रतिबंध लगाने का फैसला किया। इन सभी उपायों का ब्रसेल्स में ईयू के विदेश मंत्रियों ने समर्थन किया। ईयू 27 देशों का समूह है। ईयू की विदेश नीति प्रमुख काजा कल्ला ने कहा, (रूस के) राष्ट्रपति पुतिन शांति की बात का दिखावा कर रहे हैं, इसलिए नए प्रतिबंध तैयार किए जा रहे हैं। रूस और उसके मददगारों को इसके गंभीर नतीजे भुगतने होंगे। रूस अपने इन जहाजों का उपयोग केवल तेल और गैस नहीं, बल्कि यूक्रेन से लूटे गए अनाज को ढोने में भी करता है। अब तक ईयू कुल करीब 350 ऐसे जहाजों को निशाना बना चुका है।

# क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र शिशौदिया, सांसद अतुल गर्ग की उपस्थिति से तिरंगामय हुआ पिलखुवा नगर

## पालिका चेयरमैन विभू बंसल के नेतृत्व में उमड़ी जबरदस्त भीड़









**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पालिकाध्यक्ष विभू बंसल के तत्वावधान में मंगलवार को ऑपरेशन सिन्दूर में पहलगाम में भारतीय नागरिकों की निर्ममता पूर्वक हत्या करने वाले आतंकवादियों के कैम्पों एवं उनको सहायता करने वाले पड़ोसी देश के एयरबेसों को सटीक निशाना लगाकर तबाह करने एवं सीजफायर के लिए पड़ोसी देश को घुटनों पर लाने वाली भारतीय सेना के शौर्य का वन्दन एवं अभिनन्दन करने और भारत सरकार के अपने नागरिकों की जान की कीमत पड़ोसी देश को बताने के लिए शानदार निर्णय के लिए धन्यवाद दिया गया।

### तिरंगा यात्रा में 5 हजार से ज्यादा लोग हुए सम्मिलित

**करंट क्राइम।** पूरे नगर में सामाजिक संगठनों, व्यापारी संगठनों, पालिका बोर्ड एवं नगर के नागरिकों द्वारा भव्य तिरंगा यात्रा नगर में निकाली गयी। जिसमें लगभग 5000 से अधिक महिला/पुरुषों ने भाग लिया। पाकिस्तान से 1965, 1971, 1974 एवं कारगिल युद्ध में भाग लेने वाले पूर्व सैनिकों द्वारा इस वन्दन एवं अभिनन्दन यात्रा में भाग लेना आर्कषण का केन्द्र रहा और इन सैनिकों के सम्मान मे पुलिस व प्रशासन भी इनकी सुरक्षा में तैनात रहा। लगभग 1000 की संख्या में महिलाओं ने भाग लिया एवं सिन्दूर व राष्ट्रीय ध्वज से लगी झांकी को स्काउड गाईड लेकर चल रही थी। जिसने सेना के शौर्य के लिए नागरिकों के भावों को और भव्य बना दिया। तिरंगा यात्रा के दौरान वन्दे मातरम एवं भारत मां के जयकारों से गूंज उठा था पिलखुवा शहर का वातावरण। पिलखुवा नगर पालिका चेयरमैन विभू बंसल के नेतृत्व में और मेहनत का यात्रा में काफी प्रभाव दिखा। हजारों की संख्या में स्थानीय लोग यात्रा में शामिल हुए।

### तिरंगा यात्रा में गणमान्य लोग शामिल हुए

**करंट क्राइम।** यात्रा में पश्चिम क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र शिशौदिया, गाजियाबाद लोकसभा सदस्य अतुल गर्ग, जिलाध्यक्ष नरेश तोमर, जिला पंचायत रेखा नागर,धौलाना ब्लॉक प्रमुख निशान्त शिशौदिया, मण्डल अध्यक्ष मनीष माहेश्वरी, मंडल महामंत्री सचिन पुंडीर, नगर पालिका सभासद अजय कुमार, राकेश तोमर, पवन चौधरी सोनू कोरी, निर्मल कोरी, नरेश भारती, सुशील तोमर, नफीस, शिव कुमार शर्मा, इकराम, इकबाल, प्रदीप तेवतिया, डॉक्टर प्रदीप कुमार, विकास तोमर, अंशुल मित्तल, डॉ. राजेश कुमार, सत्तार, जहीरूद्दीन, सीमा जौहर, रानी बंसल, आशा गुप्ता, रेखा अग्रवाल, ललिता बंसल, सुरभी अत्रिश, सौरभ, अमित टॉक, उपेंद्र सोम, नरेंद्र त्यागी, नरेन्द्र शर्मा, विजय शिशौदिया, कुशलेश गर्ग, ब्रजमोहन माहेश्वरी, प्रेमजी बबली भईया, संजय तोमर, पवन तोमर, लटूर सिह, प्रदीप तेवतिया, सुशील तोमर, श्रवण तोमर, प्रदीप, प्रवीण मित्तल, विजय खंडेलवाल, विश्व प्रकाश शर्मा, विकास पंडित, नरेंद्र शर्मा, सौरभ शर्मा, अनिल गोयल, डॉ. सौरभ, विपिन आरएसएस, हरीश गर्ग, कौशलेश गर्ग व तिरंगा यात्रा में सम्मिलित सम्मानित गण उपस्थित रहे।




# हर बूंद कीमती : नगर निगम अधिकारियों ने किया वार्ड 95 का दौरा

## पार्षद रुकसाना सैफी ने अधिकारियों को जमीनी हकीकत से अवगत कराया




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सिटी जोन अवर अभियन्ता जल पूजा, सुपरवाईजर जोगिंदर वार्ड-95 में पानी ना आने की समस्या से अवगत होने व निरीक्षण करने आए। क्षेत्रीय पार्षद रुकसाना सैफी ने अवर अभियन्ता जल पूजा, सुपरवाईजर जोगिंदर को वार्ड के पानी से वंचित क्षेत्रों मे लेकर गयी और फेल, खराब, बंद नलकूप भी दिखाए और अलग अलग क्षेत्रों मे जनता ने पानी ना आने की, गंदे पानी आने की समस्या से अवगत कराया।



## वार्ड-95 के फेल, खराब, बंद निम्नलिखित नलकूपों के कारण वार्ड में पानी की आपूर्ति नहीं हो रही है:-

- पिछले एक वर्ष से पी.ए.सी.चौक फव्वारा के सामने 30 एचपी नलकूप खराब है उसका रिबोर नहीं कराया जा रहा है ।
- 10 एचपी नलकूप केला जनरल प्राइमरी पाठशाला प्रथम के सामने पिछले आठ माह से रिबोर ना होने के कारण बंद पड़ा है ।
- 10 एचपी नलकूप डॉ एपीजे अब्दुल कलाम रोड वसीम टेंट वाले के सामने रिबोर होना है जो की काफी समय से बंद पड़ा है ।
- 10 एचपी नलकूप मुख्तार होटल के सामने / पास बंद पड़ा है ।
- 10 एचपी नलकूप सुन्नी मोहम्मदी मस्जिद वाली गली में दिलशाद के मकान के सामने रिबोर होना है पिछले 8 माह से यह नलकूप बंद पड़ा है ।
- 10 एचपी नलकूप जस्सीपुरा पार्षद वाली गली में रिबोर होना है जिसका एक वर्ष से अधिक समय से कार्य नहीं लगाया जा रहा है ।
- 10 एचपी नलकूप श्री दूधेश्वर नाथ मठ मंदिर के गेट नंबर 2 के पास रिबोर हो चुका है जो चालू नहीं किया जा रहा है जिस मंदिर परिसर की टंकिया भरी जाती है ।
- 10 एचपी नलकूप जनाजा पार्क पिछले चार माह से बंद पड़ा है ।
- 05 एचपी नलकूप मदरसे के पीछे वाले गेट की साइड नौशाद के घर के पास पिछले दो वर्ष से बंद है ।
- 05 एचपी नलकूप कल्लू टेंट वाले के घर के पास पिछले 1 वर्ष से बंद है ।
- 05 एचपी नलकूप गली नंबर 14 कल्लन घर के पास पिछले दो माह से बंद है जिसमें एक सप्ताह पहले अनाड़ी कर्मचारी द्वारा मोटर गिराई जा चुकी है ।
- 05 एचपी नलकूप केला भट्ठा गली नंबर 5 वसीम के घर के पास पिछले 1 वर्ष से बंद पड़ा है ।
- 05 एचपी नलकूप लालटेन फैक्ट्री सरकारी स्कूल के पीछे पिछले तीन माह से बंद है ।
- पार्षद रुकसाना सैफी का कहना है कि जनता की सत्य समस्याओं से अवगत कराना हमारा कार्य और अधिकार है। जनता की समस्याओं का समाधान कराना आपकी जिम्मेदारी और कर्तव्य है।

# महापौर सुनीता दयाल ने एसडीएम व सम्पत्ति विभाग के अधिकारियों के साथ की अहम बैठक

## महापौर ने शहर के सभी क्षेत्रों जहां नगर निगम की भूमि है खसरा नम्बर सहित ब्यौरा दिया

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** महापौर सुनीता दयाल हमेशा गलत के खिलाफ खड़ी रहीं हैं और जब से नगर निगम में महापौर का पदभार संभाला है तब से भूमाफियाओं की नाक में नकेल डालने का कार्य किया जा रहा है, यहां तक कि स्वयं जाकर भी भूमि कब्जे से मुक्त कराने तक को अंजाम दिया है और वह कहती भी हैं कि नगर निगम की 1 इंच भूमि कब्जा नहीं होने दी जाएगी। इसी क्रम में महापौर सुनीता दयाल ने अपने कार्यालय में एस डी एम सदर और नगर निगम के सम्पत्ति विभाग के अधिकारियों के साथ अहम बैठक की है बल्कि सम्पत्ति के मामलों से संबंधित एस डी एम सदर बैठक हेतु पहली ही बार आये हों।



### नगर निगम की भूमि को भूमाफियाओं के मुंह से निकालने का कार्य किया जाएगा : महापौर

**करंट क्राइम।** महापौर सुनीता दयाल द्वारा बताया गया कि नगर आयुक्त सहित सभी अधिकारी सम्पत्ति मुक्त कराने का कार्य कर रहे हैं और इस कार्यवाही को रफ्तार देने के लिए समस्त लिस्ट जिसपर भूमाफियाओं का कब्जा है एस डी एम सदर को सौंपी गयी है और जल्द ही 3 बड़ी भूमियों पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की जाएगी और साथ ही कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी। भूमाफियाओं के मुंह से सरकारी भूमि निकलने पर कार्रवाई की जा रही है और जल्द ही नगर निगम का बुलडोजर फिर बजेगा। बैठक में मुख्य रूप से सम्पत्ति अधिकारी पल्लवी सिंह, सम्पत्ति अधीक्षक रामशंकर वर्मा, तहसीलदार, नायाब तहसीलदार, पटवारी आदि उपस्थित रहे।

### नगर निगम की भूमि पर अतिक्रमण किया जाएगा ध्वस्त : सुनीता दयाल

**करंट क्राइम।** इस बैठक को बहुत अहम माना जा रहा है बताया जा रहा है कि नगर निगम की शहर में स्थित सभी प्रकार की भूमियों का विवरण गांव के नाम व खसरा नंबर सहित एस डी एम सदर के समक्ष रखा गया है और उक्त सम्पत्तियों के कागजात निकलवाकर भूमि कब्जा मुक्त कराने के महापौर ने सख्त निर्देश दिए हैं। इसके साथ साथ भूमि पर कब्जे को ध्वस्त कर कब्जा मुक्त कराई जाएगी और भूमाफियाओं के विरुद्ध एफआईआर कर भूमाफिया एक्ट में कड़ी कार्रवाई की जाएगी, महापौर की इस बैठक से ऐसे संकेत नजर आ रहे हैं जैसे भूमाफियाओं के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। जब भाजपा की सियासत नया अध्याय लिख रही है तो कई पूर्व भी अब अभूतपूर्व ढंग से खुद को साबित कर रहे हैं। ये रिश्तों की एक बहार है। ये अपनापन है जब एक पूर्व ने दूसरे पूर्व पर अभूतपूर्व स्नेह और प्यार दिखाया। नगर निगम के पूर्व नामित पार्षद सुरेन्द्र नागर ने भाजपा युवा मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष गौरव चौपड़ा को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी। जन्मदिन की यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।